


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 296 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 22 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — समलाई मंदिर प्रांगण में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

पेज -8 पर — महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मनाया सावन उत्सव


## साईबर अपराध से निपटने के लिये पुलिस को और अधिक सतर्क होना होगा : डीजीपी

रायपुर। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के मुख्य आतिथ्य में पुलिस मुख्यालय नवा-रायपुर में 02 दिवसीय गूगल और पेटीएम साईबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।




पुलिस मुख्यालय और वित्तीय कारोबार संचालित करने वाली गूगल एवं पेटीएम के प्रशिक्षित अधिकारियों की टीम द्वारा सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी (अतिरिक्त/ उप पुलिस अधीक्षक स्तर) एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों एवं रेंज स्तर से साईबर थाने में पदस्थ पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को साईबर ठगी की रोकथाम और त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया

### पुलिस मुख्यालय में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

जायेगा। पुलिस महानिदेशक श्री जुनेजा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि साईबर अपराध ठगी और ब्लेकमेलिंग जैसी अपराधों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों को और अधिक सर्तक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट के अलावा डॉटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 भी लागू हो गया है। इसमें साईबर ठगी के बढ़ते मामलों से निपटने और अपराधियों को पकड़ने तथा न्यायालय से दण्डित कराने के प्रावधान किये गये हैं, इन प्रावधानों से साईबर अपराधियों को दण्ड दिलाने में मदद मिलेगी। श्री जुनेजा ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि साईबर ठगी के मामलों में अपडेट जानकारी हार्ड एवं साफ्ट कॉपी दोनों उपलब्ध होनी चाहिए जिससे प्रार्थी या शिकायतकर्ता के शिकायत का समाधान यथाशीघ्र किया जा सके। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा अन्य राज्यों में बैठकर किये जाने वालों अपराधों पर अंकुश एवं अपराधियों को पकड़ने के लिए अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाकर शीघ्रतापूर्वक कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री प्रदीप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अपराधी को पकड़ना साक्ष्य एकत्रित करना एवं अपराधी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर उसे दण्ड दिलाना पुलिस के लिए बहुत बढ़ी चुनौती है।



### एक नजर

#### कांग्रेस विधायक सत्यनारायण शर्मा नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर सरगर्मी तेज है. विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी का दौर शुरू हो गया है. कांग्रेस वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा के पुत्र पंकज शर्मा ने आज रायपुर ग्रामीण विधानसभा के लिए दावेदारी पेश की है. उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को आवेदन सौंपा है. पंकज शर्मा ने कहा कि जनता की सेवा करने अब चुनावी मैदान पर उतरने आया हूं।

रायपुर ग्रामीण से मौजूदा विधायक सत्यनारायण शर्मा ने इस बार विधानसभा चुनाव लड़ने के मूड में नहीं है. उन्होंने अभी तक चुनाव में दावेदारी पेश नहीं की है।

### रियल इस्टेट सेक्टर को मंदी से उबारने अनुकूल निर्णयों के लिए क्रेडाई ने मुख्यमंत्री का किया सम्मान

## लोगों के हाथ में लगातार पैसा जाने से छत्तीसगढ़ में हर सेक्टर में आया उछाल - सीएम भूपेश बघेल

रायपुर। रियल इस्टेट सेक्टर को मंदी से उबारने तथा लोगों के लिए घर एवं भूखंड की खरीदी को सुगम बनाने राज्य शासन द्वारा लिए गए फैसलों के लिए क्रेडाई ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सम्मान किया है।






क्रेडाई छत्तीसगढ़ द्वारा आज नवा रायपुर में 'बढ़ता हुआ छत्तीसगढ़' की थीम पर आयोजित स्टेटकॉन-2023 में मुख्यमंत्री श्री बघेल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में क्रेडाई छत्तीसगढ एप को लांच किया। उन्होंने भिलाई, दुर्ग एवं बिलासपुर में क्रेडाई के यूथ विंग का इन्सटॉलेशन भी किया। आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर भी स्टेटकॉन-2023 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्टेटकॉन-2023 को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सचेत रहकर लोगों के हित के लिए लगातार व्यावहारिक फैसले लिए हैं। राज्य शासन ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों की जेब में एक लाख 60 हजार करोड़ रूपए डाले हैं। लोगों के हाथ में पैसा रहने से यहां हर सेक्टर में उछाल आया है। कोरोना काल में लॉक-डाउन के बाद पूरे देश में छत्तीसगढ़ में सबसे पहले उद्योगों और कारखानों में काम दोबारा प्रारंभ हुए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल की कठिन हालातों के बीच भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों तथा मनरेगा के जरिए श्रमिकों को राशि उपलब्ध कराई गई। दूसरे राज्यों की तरह यहां शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन में कोई कटौती नहीं की गई, उनके हाथों में पूरा वेतन गया। इस तरह हर वर्ग के लोगों के पास पैसे रहने से हर सेक्टर में व्यवसाय-व्यापार में बढ़ोतरी हुई। रियल स्टेट सेक्टर को भी इसका फायदा मिला। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि जमीन की गाइडलाइन दरों में 30 प्रतिशत की कटौती से भूखंडों की खरीदी-ब्रिकी में तेजी आई। ज्यादा रजिस्ट्री होने से शासन का राजस्व बढ़ा। छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री से प्रतिबंध हटाने और गाइडलाइन दरों में कमी से इससे मिलने वाला राजस्व 1100 करोड़ रुपए से बढ़कर 1500 करोड़ रुपए हो गया।

## मेयर ऐजाज ढेबर ने उत्तर और दक्षिण दो विधानसभा सीट से की दावेदारी

### ब्लॉक अध्यक्ष को दिया आवेदन



**रायपुर.** महापौर एजाज ढेबर विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है. ढेबर ने दक्षिण विधानसभा और उत्तर विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी की है. सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर ढेबर ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचकर अपना आवेदन दिया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी का दौर शुरू हो गया है. बता दें कि सोमवार को ही रायपुर ग्रामीण के लिए पंकज शर्मा ने दावेदारी पेश की है. बता दें कि पंकज शर्मा वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा के पुत्र हैं. सत्यनारायण शर्मा इस बार चुनाव लड़ने के मूड में नहीं हैं. इसलिए उनके पुत्र पंकज शर्मा ने दावेदारी ठोक दी है।

## शिक्षाविद् व लेखक समाज में ला सकते हैं क्रांति: राज्यपाल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन गत दिवस एमबीसी टीवी द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित शिक्षा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होते हुए कहा कि शिक्षा समाज और देश को समृद्ध और प्रगतिशील बनाती है। जब शिक्षा मजबूत होती है तो समाज विकास की दिशा में आगे बढ़ता है।




मजबूत होता है। हर व्यक्ति को अपनी शिक्षा के लिए, अपने समाज के लिए, अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। यह सीख अपनी माटी और मां के लिए लड़ने की प्रेरणा देती है। इस क्षेत्र में शिक्षाविदों एवं लेखकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जब वे समाज में गिरावट या मानव अधिकारों का उल्लंघन देखते थे, तो वे अपने लेखन के माध्यम से क्रांति पैदा कर सकते थे। शिक्षा केवल वह नहीं है जो हमें पाठ्यपुस्तकों से मिलती है बल्कि हम अपने अनुभवों से, जीवन से, समाज से, खुद से, दूसरों से आदि से सीखते हैं। महात्मा गांधी ने शिक्षा की तुलना जीवन से की और कहा, 'जीवन में ऐसा कुछ भी नहीं है, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, जो शिक्षा की चिंता को व्यक्त नहीं कर सकता'। शिक्षा जन्म से शुरू होती है और जीवन भर चलती रहती है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए मनुष्य दूसरों पर निर्भर रहता है। यह प्रकृति, इतिहास, ऋषि-मुनि, संत, पर्यावरणीय परिस्थितियाँ हो सकती हैं। जिस देश की शिक्षा व्यवस्था जितनी मजबूत होती है, वह देश उतना ही मजबूत और विकसित होता है। 2020 में भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नई शिक्षा नीति 2020 पेश की, जो एक क्रांतिकारी कदम है। यह शिक्षा नीति देश को समृद्ध और मजबूत बनाने में मदद करेगी। नया पाठ्यक्रम भाषा, संस्कृति, देशभक्ति, ज्ञान विकास, पूछताछ और मूल्यों पर जोर देता है। राज्यपाल ने कहा कि यह शिक्षा नीति मनुष्य के सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, धार्मिक, बहुभाषी, मानसिक, चारित्रिक आदि गुणों में सुधार करेगी।

कोरोना के दौरान भारत ने दुनिया भर में कोरोना की महामारी से लड़ने में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय वैज्ञानिकों के शोध से बनी कोविड वैक्सीन देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन की रक्षा करने में सफल रही। इतना ही नहीं, इस वैक्सीन को दुनिया के कई देशों में मुफ्त भेजकर लोगों को इस महामारी से बचाया जा सकता है।




### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस आठ सितम्बर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में साक्षर भारत कार्यक्रम के लिए वातावरण निर्माण हेतु एक सितम्बर से 07 सितम्बर तक साक्षर सप्ताह और 08 सितम्बर को अंतर्राष्टीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाएगा। संचालक एवं सदस्य सचिव राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण राजेश सिंह राणा ने सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को राष्टीय महत्व इस कार्यक्रम के लिए विशेष रणनीति तैयार कर सभी वर्गो की इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और कार्य योजना अनुसार प्रत्येक दिवस गतिविधियों के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

## हाथों में जलाभिषेक का जल थामे कांवड़ लेकर मुख्यमंत्री ने किया दिव्य कांवड़ यात्रा का शुभारंभ

**रायपुर।** श्रावण सोमवार पर आज पूरा प्रदेश शिव भक्ति के रंग में सराबोर रहा। राजधानी में भी शिवभक्ति की गूंज जगह-जगह सुनाई देती रही। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गुढ़ियारी में मारुति मंगल में दिव्य कांवड़ यात्रा में हिस्सा लिया। पारंपरिक अनुष्ठान तथा पूजा पाठ करने के पश्चात मुख्यमंत्री शिव भक्तों के साथ बैठे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शिव जी के भजनों के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा।



इस मौके पर लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज, संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्री प्रमोद दुबे भी मौजूद रहे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने हाथों में जलाभिषेक का जल लिया और कांवड़ को अपने हाथों में लिया।

## रायपुर उत्तर से आठ, दक्षिण से सात ने की दावेदारी, पश्चिम और ग्रामीण से कांग्रेस का एक भी दावेदार नहीं

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी में आवेदन जमा करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। रायपुर के उत्तर विधानसभा से विगत चार दिनों में आठ और दक्षिण से सात लोगों ने दावेदारी की है। पश्चिम और ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से अभी तक किसी ने आवेदन नहीं दिया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी में दावेदारों को 22 अगस्त तक टिकट के लिए आवेदन देना है।



जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा आवदेन उत्तर और दक्षिण से आ रहे हैं। विधानसभा क्षेत्रों से अभी तक वर्तमान विधायकों ने दावेदार के रूप में आवेदन नहीं किया है। शहर उत्तर से कांग्रेस के वर्तमान विधायक कुलदीप जुनेजा, पश्चिम से विकास उपाध्याय और ग्रामीण से सत्यनारायण शर्मा है। दक्षिण विधानसभा से भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल हैं।

बताया जा रहा है जो दावेदार ब्लाक कांग्रेस कमेटी में आवेदन नहीं कर रहा है, वह 26 अगस्त तक जिला कांग्रेस कमेटी में आवेदन कर सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी 29 अगस्त तक नाम का पैनल तैयार करके प्रदेश चुनाव समिति को भेजेगा।

### आनलाईन फ्राड मामला — छत्तीसगढ़ के सटोरियों की उड़ी नींद

## बुकी नवीन बत्रा ने उगले 12 से अधिक नाम, जल्द होगी गिरफ्तारी

**रायपुर।** महादेव आनलाइन क्रिकेट सट्टा एप के बड़े बुकी नवीन बत्रा की गोवा से गिरफ्तारी के बाद से छत्तीसगढ़ के सटोरियों की नींद उड़ी हुई है। आनलाइन सट्टे पर कार्रवाई के बाद से नवीन फरार चल रहा था। पिछले दिनों लोगों की व्यक्तिगत पहचान संबंधी दस्तावेज लेकर फर्जी खाते खुलवाने वाले गैंग के आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद नवीन बत्रा का नाम सामने आने पर पुलिस सक्रिय हुई थी। इसी बीच गोवा पुलिस ने उसे एक फाइव स्टार होटल में 11 साथियों के साथ घेरा।



शनिवार को रायपुर लाने के बाद नवीन से रातभर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने सट्टे के खेल से जुड़े अलग-अलग पैनल के 12 से अधिक सटोरियों के नाम उगले है। नवीन को पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी थी लेकिन बीमार होने के कारण रविवार को उसे कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया।पुलिस अफसरों का दावा है कि जल्द ही कुछ और बड़े खाइवालों की गिरफ्तारी होगी।

पुलिस के जानकार सूत्रों ने बताया कि नवीन बत्रा से सट्टे के खेल से जुड़े कई राज खुलने की संभावना है। नवीन लंबे समय से महादेव एप के सरगना सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल से सीधे जुड़ा रहा है। उसके नेटवर्क दुबई से लेकर यूएस तक फैले हैं। नवीन मुंबई और गोवा में बैठकर आनलाइन क्रिकेट सट्टे का कारोबार करता था। सट्टे का करोड़ों रूपये इधर से उधर करने के लिए वह छत्तीसगढ़ के पांच सौ से अधिक लोगों के बैंक खाते का इस्तेमाल करता था। नवीन के खिलाफ सूरजपुर में एक युवक के खुदकुशी के मामले में भी अपराध दर्ज है। दूसरी ओर शीमर्स क्लब के संचालकों के पार्टनरों तक पुलिस के अब तक हाथ नहीं पहुंच पाए है, केवल संचालक नितिन मोटवानी ही गिरफ्त में आया है।

### सट्टे में अग्रिम जमानत ली तो जालसाजी में किया गिरफ्तार

नवीन बत्रा काफी चालाक खाइवाल है। उसे पकड़वाने में महावीरनगर, शंकरनगर क्षेत्र के उसके खास दोस्तों ने पुलिस की मदद की थी। पंडरी और सिविल लाइन पुलिस थाने में सट्टा, जुआ का केस दर्ज होने पर उसने गिरफ्तारी से बचने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली थी। पुलिस ने भी उसके दांव के उलट खमतराई थाने में दर्ज जालसाजी के केस में गिरफ्तारी की। सिविल लाइन और पंडरी पुलिस ने पांच अगस्त को शीमर्स क्लब के संचालक नितिन मोटवानी और उसके साथी सागर जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन दो दिन बाद उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई।

## बिलासपुर विधानसभा सीट से विधायक शैलेष पांडेय ने की पुनः दावेदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव समिति के नियमानुसार विधायक शैलेष पांडेय बिलासपुर विधानसभा सीट से दावेदारी करने आज सोमवार को कांग्रेस भवन पहुंचे . उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों को अपनी दावेदारी का विधिवत आवेदन सौंप दिया। बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (चुनाव समिति) के नियमानुसार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को आवेदन करना होता है . तय नियमों के अनुसार बिलासपुर विधानसभा सीट से दावेदारी करने मैंने भी आवेदन जमा किया है . कांग्रेस में सदैव प्रजातांत्रिक प्रक्रिया का पालन किया जाता है . इस अवसर पर कांग्रेस भवन में ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, विनोद साहू, मोती थावरानी उपस्थित रहे।



# डेमचोक में चीन की सलामी स्लाइसिंग कर रही आशंकित,सीमा की वास्तविकता के बारे में देश को अवगत कराए सरकार

स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले यानी 14 अगस्त को भारत और चीन के बीच सीमा मुद्दों के समाधान के लिए 19वें दौर की सैन्य वार्ता हुई। उनके पास वास्तव में समाधान के लिए कुछ भी नहीं था। नतीजतन एक-दूसरे के प्रति भरोसा जताने और सैन्य झड़पों से बचने पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा इस वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। ध्यान देने की बात है कि पिछले कुछ दौर की सैन्य वार्ता में यही हो रहा है।

वास्तविकता यह है कि भारतीय बलों ने अपने गश्त वाले क्षेत्र खो दिए हैं, दूसरी ओर, चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में काफी अंदर तक घुस आए हैं। देपसांग का मैदानी इलाका और डेमचोक जैसे विरासती मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। डेमचोक में चीन की सलामी स्लाइसिंग की रणनीति जहां आशंकित करती है, जिसके तहत छोटे-छोटे सैन्य ऑपरेशन चलाकर धीरे-धीरे किसी बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया जाता है, वहीं देपसांग रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चीनी सेना ने वहां स्थायी संरचनाएं बनाई हैं, जहां उनके सैनिक रहते हैं। बात सिर्फ इतनी नहीं है कि चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया है, जैसा कि व्यापक रूप से भारतीय टिप्पणीकारों ने दावा किया है, बल्कि इसके पीछे एक बहुत बड़ा नापाक मंसूबा भी दिखाई दे रहा है। इसलिए इन इलाकों को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की जरूरत है।

दे पसांग मैदान भारत की सबसे ऊंची हवाई पट्टी दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) के करीब है। काराकोरम दर्रा डीबीओ के उत्तर पश्चिम में लगभग 17 से 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सटा हुआ है, और पीओके के उस हिस्से से सटा हुआ है, जिसमें शक्सगाम घाटी शामिल है, जिसे वर्ष 1963 में एक सीमा समझौते के जरिये पाकिस्तान ने गैरकानूनी तरीके से चीन को सौंप दिया था। पाकिस्तान और चीन के बीच मिलीभगत की शुरुआत दरअसल यहीं से हुई। वर्ष 1959 में जब चीनी नक्शों में पाकिस्तान के इलाकों को चीन में दिखाया गया, तब पाकिस्तान इस बात से चिंतित हो उठा था। वर्ष 1961 में



पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने इस संबंध में चीन को एक औपचारिक पत्र भी लिखा, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया। फिर पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में चीन को सदस्य बनाए जाने के पक्ष में मतदान किया और बदले में चीन ने अपने विवादित नक्शे को जनवरी, 1962 में वापस लेने के साथ मार्च, 1962 में सीमा वार्ता में शामिल होने पर सहमति जताई। दोनों देशों के बीच 13 अक्तूबर, 1962 से वार्ता शुरू हुई, जिसके फलस्वरूप दो मार्च, 1963 को

> देपसांग का मैदानी इलाका और डेमचोक जैसे विरासती मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। डेमचोक में चीन की सलामी स्लाइसिंग की रणनीति जहां आशंकित करती है, जिसके तहत छोटे-छोटे सैन्य ऑपरेशन चलाकर धीरे-धीरे किसी बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया जाता है, वहीं देपसांग रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जब यह सब हो रहा था, तब भारत चीन द्वारा भारतीय सीमा पर छेड़े गए युद्ध में उलझा हुआ था। तब समझौते के तहत पाकिस्तान ने करीब 5,300 किलोमीटर क्षेत्र चीन को सौंप दिया, जिस पर उसका कोई अधिकार नहीं था। ये भारतीय क्षेत्र थे। बदले में पाकिस्तान को वह क्षेत्र मिला, जिसे अब गिलगित-बाल्टिस्तान कहा जाता है। गिलगित-बाल्टिस्तान जम्मू और कश्मीर की पूर्व रियासत का एक हिस्सा है, जो भारत का अभिन्न अंग है। इस प्रकार एक दोहरी साजिश रचकर उसे अंजाम दिया गया। द अमेरिकन टाइम ने 1963 में इस मुद्दे पर रिपोर्टिंग करते हुए स्पष्ट लिखा था कि कश्मीर मुद्दे के समाधान की पाकिस्तान की उम्मीद धूमिल हो गई है, क्योंकि पाकिस्तान-चीन समझौते के तहत उत्तरी कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान के नियंत्रण को चीन ने मंजूरी दे दी है। इस विस्तारवादी साजिश की असलियत तब सामने आई थी, जब पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में 27 जुलाई, 1949 को भारत-पाक सैन्य कमांडरों द्वारा हस्ताक्षरित कराची फैसले से एक नापाक निष्कर्ष निकालते हुए सियाचिन ग्लेशियर के लिए विदेशी पर्वतारोहण अभियानों को मंजूरी दी।

समझौते के अनुसार, इस संघर्ष विराम रेखा पर सबसे उत्तरी सीमांकित बिंदु एनजे 9842 है, जहां से इसे उत्तर की ओर ग्लेशियरों की ओर जाना था। पाकिस्तान ने अंतिम बिंदु के रूप में इसकी अविश्वसनीय ढंग से व्याख्या की, जहां से वह कथित तौर पर काराकोरम दर्रे में शामिल हो रहा था और इससे जुड़े सभी क्षेत्र को अपना बता रहा था। जब यह धोखाधड़ी सामने आई, तब इंदिरा गांधी की सरकार ने सैन्य अभियान चलाया और चीन-पाकिस्तान की साजिश को नाकाम कर दिया। लेकिन भारत एक विस्तारवादी शत्रु के खिलाफ अपनी सतर्कता कम नहीं कर सकता है, जो देपसांग मैदानों से 30 किलोमीटर की दूरी पर दौलत बेग ओल्डी में भारतीय बेस पर नजर गड़ाए हुए है। यह एक रणनीतिक बढ़त है, जो उन्हें सीपीईसी के तहत बनाई जा रही सड़क तक पहुंच प्रदान करेगा, और जो पाकिस्तान द्वारा छोड़े गए, मगर भारत के दावे वाले क्षेत्रों से होकर गुजरती है। यही मुख्य वजह है कि भारत चीन की वन बेल्ट वन रोड योजना में शामिल नहीं हुआ। चीनी शासन के अनुसार, उसके पूर्व प्रधानमंत्री झाउ एन लाइ ने सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि चीनी क्षेत्र काराकोरम दर्रे तक फैला हुआ है।

प्रशांत दीक्षित

## संपादकीय

### अब यह नया खतरा

वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि पहले ही ग्लोबल वॉर्मिंग से जूझ रही दुनिया में अल नीनो का असर अधिक घातक हो सकता है। मसलन खाद्य संकट बढ़ने के साथ-साथ इसकी वजह से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं।

दुनिया अब तक कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के असर से नहीं उबरी है। ये घटनाएं खाद्य संकट और महंगाई का कारण बनीं। इसी बीच अब खबर है कि मौसमी परिघटना अल नीनो प्रभाव का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इसके कारण आने वाले महीनों में तापमान बहुत अधिक रहेगा और मौसमी आपदाओं की संख्या भी बढ़ सकती है। विश्व मौसम संगठन के मुताबिक पिछले महीने ही अल नीनो की शुरुआत हो चुकी है। प्रशांत महासागर में अधिक तापमान के साथ शुरू होने वाला यह प्रभाव अक्सर नौ से 12 महीने तक रहता है। साल के आखिर में इसका असर सबसे ज्यादा होने की संभावना है। वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि पहले ही ग्लोबल वॉर्मिंग से जूझ रही दुनिया में अल नीनो का असर अधिक घातक हो सकता है। मसलन इसकी वजह से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं। पहले भी जब अल नीनो प्रभाव आया तो पानी से पैदा होने वाली बीमारियों और अन्य संक्रामक रोगों के प्रसार में वृद्धि देखी गई थी। अल नीनो के कारण बारिश की मात्रा और बारंबारता बढ़ जाती है, जिससे पानी जमा होता है। इस कारण मच्छर आदि अधिक तापमान में पैदा होने वाले जीव बढ़ जाते हैं और संक्रामक रोग फैलते हैं। 1998 में जब अल नीनो आया था तो कई जगह मलेरिया महामारी बन गया था। फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि अल नीनो के कारण जंगल की आग जैसी घटनाओं में कितनी वृद्धि होती है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह खतरा भी बढ़ जाता है।

# भारत फिर लौट रहा गठबंधन राजनीति की ओर, ये सकारात्मक सोच नहीं

रा ष्ट्रीय राजनीति की वर्तमान गतिविधियों का पहला निष्कर्ष यही आता है कि भारत फिर से गठबंधन सरकारों और राजनीति के दौर में वापस लौट रहा है। एक ओर विपक्ष द्वारा 26 दलों का गठबंधन (इंडिया) बनाने और प्रत्युत्तर में भाजपा द्वारा 38 दलों को साथ लेने के बाद दूसरा निष्कर्ष आ भी नहीं सकता। यहां दो प्रश्न उत्पन्न होते हैं।

पहला, क्या वाकई वर्तमान राजनीति में गठबंधन फिर से अपरिहार्य हो गया है या इसके कारण दूसरे हैं? दूसरा, क्या वाकई देश का मानस गठबंधन सरकार स्वीकार करने का संकेत दे चुका है?

पहले देश की राजनीति की कुछ सच्चाई। एक, 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अकेले लोकसभा में बहुमत हासिल किया, जिसकी संभावना बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक भी नहीं व्यक्त कर रहे थे। दूसरे, 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 303 का बहुमत मिलना इस बात का परिचायक था कि लोगों ने एक दल के बहुमत वाली सरकार की नीतियों के प्रति संतोष व्यक्त किया है। तीसरे, वैसे तो कई राज्यों में कुछ दलों की अकेले बहुमत वाली सरकारें चलती रहीं, किंतु नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में आविर्भाव के साथ भाजपा को 2013 में तीन राज्यों में अपार बहुमत मिला। फिर 2017 में सबसे जबर्दस्त परिणाम उत्तर प्रदेश विधानसभा का आया और 2022 में भाजपा दोबारा सत्ता में लौटी।

ये तीन पहलू और इस तरह की और भी घटनाएं बता रही हैं कि देश किसी एक दल के गैर-बहुमत वाली गठबंधन सरकार को स्वीकार करने की मानसिकता में नहीं था। देश का यह मानस अचानक नहीं बना। दरअसल, वर्ष



> देश किसी एक दल के गैर-बहुमत वाली गठबंधन सरकार को स्वीकार करने की मानसिकता में नहीं था। देश का यह मानस अचानक नहीं बना। दरअसल, वर्ष 1989 से देश में गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ था। 1990 व 2000 के दशक में राज्यों में कई सरकारों का समय पूर्व पतन हुआ। इससे राजनीति का पूरा परिदृश्य विकृत होता गया।

1989 से देश में गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ था। 1990 व 2000 के दशक में राज्यों में कई सरकारों का समय पूर्व पतन हुआ। इससे राजनीति का पूरा परिदृश्य विकृत होता गया। चुनाव का चक्रीय क्रम अस्त-व्यस्त हो गया। केंद्र की 1989 में विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 11 महीने भी नहीं चली और उसके बाद चंद्रशेखर की सरकार तो चार महीने भी नहीं चल सकी। फिर प्रधानमंत्री नरसिंह राव को अपनी सरकार बचाने के लिए जो कुछ करना पड़ा, उसका परिणाम देश के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड के रूप में आया। संयुक्त मोर्चा की सरकार पहले एचडी देवेगौड़ा, फिर इंद्र कुमार गुजराल जैसे प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में भी डेढ़ साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी। 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राजग की सरकार बनी, जो एक साल में ही गिर गई। इस बीच राज्यों में तो आया राम गया राम की ऐसी स्थिति पैदा हुई कि अनेक मामलों में न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा।

2010 के बाद से भारी मतदान की प्रवृतियां बढ़ीं और धीरे-धीरे राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकारें बनने लगीं। और अंततः 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मतदाताओं ने गठबंधन वाली सरकारों का दौर खत्म कर दिया। प्रश्न है कि आखिर केंद्र में लगातार दो बार बहुमत मिलने तथा देश की प्रवृतियां समझने के बावजूद भाजपा को गठबंधन की प्रतिस्पर्धा में शामिल होने की आवश्यकता क्यों हुई। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना को पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनाने से इन्कार करने के बाद स्थिति बदली और कांग्रेस एवं राकांपा की मदद से उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाया गया। वहीं बिहार में कम सीटें पाने के बावजूद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया गया। अंततः उन्होंने भी पाला बदल लिया। ऐसा लगता है कि इससे राज्यों को लेकर भाजपा का मानस बदला। साफ है कि गठबंधन की ओर फिर से लौटने के पीछे सकारात्मक सोच या कारण नहीं है। इसलिए इसे स्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस यह मान चुकी है कि अब उसका प्रभावी राष्ट्रीय विस्तार संभव नहीं, इसलिए सत्ता पाने व भाजपा को हराने के लिए छोटे क्षेत्रीय दलों के साथ जाना जरूरी है। दूसरी ओर भाजपा ने भी मान लिया है कि विपक्षी गठजोड़ में जितने ज्यादा दल होंगे, उसको चुनौती देने की संभावना उतनी ही ज्यादा बढ़ेगी। इसलिए उन सारे दलों को साथ लाने की रणनीति अपनाई गई है। जाहिर है, गठजोड़ की यह राजनीति दलों की आपसी व्यवस्था की परिणति है और यह भारतीय राजनीति की सामान्य स्थिति नहीं है।

अवधेश कुमार

## मिला जुला

### जानें आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा क्यों कहा

# ये कैसी याचिका है? आपके मुवक्किल को किसने राय दी?

**नई दिल्ली.** जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को वैध ठहराने वाली एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि ये कैसी याचिका है? कोई अदालत संवैधानिक वैधता की घोषणा नहीं कर सकती. दरअसल इस जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट से यह घोषणा करने की मांग की गई थी कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना सही है और 35 को हटाना कानूनी था. इस जनहित याचिका पर सुनवाई के समय सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आपके मुवक्किल को किसने ये राय दी? आखिर हमें ऐसी घोषणा क्यों जारी करनी चाहिए? इस कोर्ट से संवैधानिक वैधता के संबंध में घोषणा जारी नहीं की जा सकती है.




> कपिल सिब्बल ने आगे कहा था कि 'कानून द्वारा तय प्रक्रिया का पालन किए बिना आप उस रिश्ते को खत्म नहीं कर सकते.' उन्होंने कहा कि 'आप एक राज्य की सीमा बदल सकते हैं, आप एक बड़े राज्य की सीमाओं को बांट करके छोटे राज्य बना सकते हैं. लेकिन इस देश के इतिहास में कभी भी एक राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में नहीं बदला गया है.' सिब्बल ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना एक 'राजनीतिक काम और फैसला' था जो सरकार ले सकती है, लेकिन संसद इसके लिए एक साधन नहीं हो सकती है.

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ पहले ही सुनवाई कर रही है. इस पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस सूर्यकांत भी शामिल हैं. गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही याचिकाकर्ताओं के मुख्य वकील कपिल सिब्बल से पूछा था कि एक प्रावधान (अनुच्छेद 370), जिसका विशेष रूप से संविधान में एक अस्थायी प्रावधान के रूप में उल्लेख किया गया था, वह 1957 में जम्मू कश्मीर संविधान सभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद स्थायी कैसे हो सकता है? जबकि कपिल सिब्बल ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के तरीके पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि 'एक राजनीतिक कार्रवाई के जरिये अनुच्छेद 370 को खिड़की से बाहर फेंक दिया गया. यह कोई संवैधानिक कार्य नहीं था. संसद ने खुद संविधान सभा की भूमिका निभाई और अनुच्छेद 370 को यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि वह जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छा का प्रयोग कर रही है. क्या ऐसी शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है?' उन्होंने कहा था कि कोई भी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि जम्मू-कश्मीर के लोग भारत का अभिन्न अंग हैं, लेकिन एक विशेष रिश्ता है जो अद्वितीय है और जिसे अनुच्छेद 370 में ही तैयार किया गया है।

### इस रूट पर सिर्फ चार घंटों में वंदे भारत तय करेगी सफर

# बढ़ा दी जाएगी स्पीड, घट जाएगा समय

**देशभर** में लोकप्रिय हो रही वंदे भारत एक्सप्रेस अलग अलग शहरों को जोड़ने वाली एक शानदार ट्रेन है। इस ट्रेन की अधिकतम गति 160 किलोमीटर है। आधुनिक तौर पर रेलवे ट्रैक पूरी तरह से विकसित नहीं होने के कारण यह अपनी ट्रेन अधिकतम गति को हासिल नहीं कर पाती। मगर निकट भविष्य में इस ट्रेन की रफ्तार बढ़ने वाली है। इसका उदाहरण आने वाले दिनों बेंगलुरु-चेन्नई



रूट पर देखने को मिलने वाला है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस ट्रेन के जरिए बेंगलुरु से चेन्नई सिर्फ चार घंटे में पहुंचा जा सकता है। आने वाले दिनों में चेन्नई से बेंगलुरु के बीच ट्रेन के सफर में 20 मिनट की कटौती की जा सकती है। रेलवे अधिकारियों ने अराकोणम और जोलारपेट्टई के बीच ट्रेन की गति 110 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटे करने की अनुमति दे दी है। विभाग को सूचित करते हुए एक नोटिफिकेशन जारी किया है कि एलएचबी कोच वाली 124 ट्रेनें अब अगले सप्ताह से अरक्कोणम और जोलारपेट्टई के बीच 130 किमी प्रति घंटे की गति से संचालित करने के लिए अधिकृत हैं।

# अब रजनीकांत ने राजा भैया से की मुलाकात

**यूपी** दौरे पर आए दक्षिण के सुपरस्टार रजनीकांत ने राज्?यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बाद सोमवार को जनसत्ता पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया से मुलाकात की। रजनीकांत सुबह राजा भैया के आवास पर पहुंचे। वहां काफी देर तक दोनों के बीच बातचीत हुई। बाद में राजा भैया और रजनीकांत की मुलाकात की एक तस्?वीर सामने आई। राजा भैया से मुलाकात के बाद रजनीकांत दिल्ली रवाना हो गए हैं। बता दें कि इसके पहले रजनीकांत ने शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। सीएम आवास में



रजनीकांत का स्वागत खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। कार से उतरते ही रजनीकांत ने योगी के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके पहले उन्होंने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से भी मुलाकात की थी। सुपरस्टार रजनीकांत ने रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। उन्होंने अखिलेश को गले लगाया और कहा कि हम अपने दोस्त से मिलने आए हैं। नौ साल पहले से दोस्ती है।

# बाल बाल बचे सनी देओल! अब नहीं होगी बंगले की नीलामी

उजाला न्यूज

**मुंबई.** सनी देओल 'गदर 2' को लेकर पिछले कई महीनों से चर्चा में चल रहे हैं. बीते हफ्ते रिलीज हुई उनकी यह फिल्म रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. सनी इससे सातवें आसमान पर थे. लेकिन बैंक ऑफ बड़ौदा के एक विज्ञापन ने सनी की खुशियों में बाधा डाल दी थी, जब उनके जुहू वाले बंगले की नीलामी का एक विज्ञापन अखबारों में छपवा दिया. इससे सनी के फैंस को काफी धक्का लगा कि उनकी फिल्म करोड़ों रुपए कमा रही है, उनके पास लोन चुकाने 56 करोड़ रुपए पर नहीं है. सनी के बंगले की नीलामी की खबर तेजी वायरल हुई. लेकिन अब बैंक



ऑफ बड़ौदा ने एक नया बयान जारी किया है. इस बयान में बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि उन्होंने सनी देओल के जुहू वाले बंगले की नीलामी का नोटिस वापस ले लिया है. सनी के इस बंगले की नीलामी 25 अगस्त को होनी थी. बैंक नीलामी के जरिए अपने 56 करोड़ रुपए की वसूली करने वाला था. इसके लिए बैंक ने सनी की प्रॉपर्टी को ब्लॉक में रख दिया था.

## एक नजर

### चारा घोटाला मामला

### सीबीआई की याचिका पर लालू यादव ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब



नई दिल्ली। लालू प्रसाद यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चारा घोटाला मामले में सीबीआई की याचिका पर जवाब दाखिल कर दिया है. इसमें लालू यादव ने अपनी जमानत रद्द करने की सीबीआई की याचिका का विरोध किया है. उन्?होंने कहा है कि सीबीआई की याचिका खारिज की जाए. सीबीआई की याचिका के जवाब में लालू यादव का कहना है, फ्सजा निलंबित करने के हाईकोर्ट के आदेश को केवल इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि सीबीआई इस फैसले से असंतुष्ट है. हाईकोर्ट के फेसले में हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि हाईकोर्ट का फैसला सामान्य सिद्धांतों और समान नियमों पर आधारित है. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने खराब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के कारण बताते हुए कहा है कि उन्हें हिरासत में रखने से सीबीआई का कोई मकसद पूरा नहीं होगा. दरअसल लालू प्रसाद यादव की ज़मानत को रद्द करने की सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है.

# 'अगर मैं राष्ट्रपति बना तो...', डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को दी ये बड़ी धमकी!

**नई दिल्ल.** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ अमेरिकी उत्पादों पर भारत की तरफ से लगाए जाने वाले टैरिफ को लेकर भारत को धमकी दी है. उन्होंने खास तौर पर हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल पर भारत की तरफ लगाए जाने वाले



टैरिफ का जिक्र करते हुए कहा है कि अगर 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में उनकी जीत होती है तो भारतीय उत्पादों पर भी अमेरिका उच्च टैरिफ लगाएगा. मई 2019 में जब ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति थे तब उन्होंने उच्च करों को लेकर भारत को टैरिफ किंग कहा था. इसके साथ ही उन्होंने भारत की पहुंच अमेरिका के जेनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफरेंसेज (त्रस्क्र) से खत्म कर दी थी. जीएसपी के तहत अमेरिका 100 से अधिक देशों से हजारों की संख्या में सामान आयात पर टैरिफ नहीं लगाता है जिससे उन देशों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलता है।

# सपा के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य पर फेंका गया जूता

**समाजवादी पार्टी** के एमएलसी और विवादित बयानों के लिए मशहूर स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक कार्यक्रम में जूता फेंका गया है. समाजवादी पार्टी के ओबीसी सम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंका गया.



जूता फेंकने वाले को कार्यकर्ताओं ने पहले पीटा फिर पुलिस हिरासत में लेकर विभूति खंड थाना ले गई. स्वामी प्रसाद मौर्य का यूपी की राजनीति में बड़ा नाम है. कभी बसपाई कहे जाने वाले मौर्य ने बीजेपी का दामन थामा फिर बीजेपी को टाटा, बाय-बाय बोलकर अखिलेश की साइकिल पर सवार हो गए. स्वामी प्रसाद मौर्य का करीब चार दशक का लंबा राजनीतिक करियर है।

# पत्थलगांव भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक यूडी मिंज के खिलाफ खोला मोर्चा, बीच चौक पर किया पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



संसदीय सचिव यूडी मिंज के विरोध में पत्थलगांव के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को इंदिरा गांधी चौंक समीप पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने संसदीय सचिव की खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। वहीं मौजूद पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच पुतला दहन को लेकर झूमा झपटी भी हुई। विदित हो कि सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित सोगडा के अघोरेश्वर आश्रम पर एक शासकीय अधिकारी के पोस्टिंग मामले का गंभीर आरोप लगाने वाले कांग्रेस के कुनकुरी विधायक और संसदीय सचिव यूडी मिंज का पुतला दहन इंदिरा गांधी चौंक पहुंचकर भाजपाइयों ने किया। इस दौरान आक्रोश व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने संसदीय सचिव के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने संसदीय सचिव पर गंभीर आरोप लगा आश्रम विरोधी भी बताते हुए कहा है कि विधायक यूडी मिंज का एक लेटर वायरल हुआ है जिसमें जशपुर में स्थित सोगड़ा आश्रम से करोड़ों हिंदुओं की आस्था जुड़ी हुई है। उस पर संसदीय सचिव ने दुनिया भर से करोड़ों हिंदूओं की आस्था और भावना को ठेस पहुंचाते हुए एक धार्मिक समूह पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि विधायक यूडी मिंज भगवा चोला पहनकर हिंदुओं के बीच जाकर ढकोसला करने वाले विधायक है। उन्होंने कहा है हिंदू संस्कृति को अपमानित करने की और सोगड़ा आश्रम को लेकर जारी हुए लेटर से आहत होते हुए घोर निंदा करते है। आने वाले समय में जनता उन्हें भारी मतों से हराकर सबक सिखाने की ठान ली है। इस दौरान भाजयुमो मंडल पत्थलगांव के कार्यकर्ता भरी संख्या में मौजूद रहे।

# सावन उत्सव एवं एक्सेल रत्न अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।




महादेव घाट रोड स्थित विद्या भवन में समाज सेवी संस्था एक्सेल फ ाउंडेशन द्वारा सावन उत्सव एवम एक्सेल रत्न अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एम राजीव अधिक्षक कस्ट, एक्साइज एवम जीएसटी रायपुर, प्राचार्य गुरुकुल महिला महाविधालय डॉ.संध्या गुप्ता, समाज सेवी अश्विनी बानी फ ाउंडेशन के संस्थापक सौरभ बख़्शी, समाज सेवी कामत कुमार साहू उपस्थिति रहे। इस अवसर पर पूजा थाली सजाओ, राखि मेकिंग एवम छत्तीसगढ़ व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक्सेल रत्न अवार्ड निम्न संस्थाओं को दिया गया। पल्लवी पांडेय सौभाग्य फाउंडेशन, अंजना वर्मा आदिशक्ति नारी उंन्यना, अनुपम गार्डन योग ग्रुप, कविता कुंभज, काजल खारी, छत्तीसगढ़ डिफ़ेंस अकादमी, नव्या क्लासेस, ब्राइट कोचिंग क्लासेस, योगिता साहू, संदीप सोनकर, प्रियंका उपाध्याय आदि को सम्मानित किया गया। एक्सेल फाउंडेशन के संस्थापक सौरभ बख़्शी ने सभी सस्थाओ को उनके सामाजिक योगदान के लिए बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेसी नेता जतिन जायसवाल ने पेश की दावेदारी, ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपा आवेदन

जगदलपुर ।शहर की राजनीति में रोज़ एक नया मोड़ आ रहा है। रोज एक नया नाम दावेदारों की सूची मे जुड़ रहा, तो रोज जगदलपुर विधानसभा के चुनावी समीकरणों में बदलाव नज़र आ रहा है।



दावेदारी के सिलसिले में उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब पूर्व महापौर जतिन जायसवाल अपनी दावेदारी पेश करने अपने बहुसंख्यक समर्थकों के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को आवेदन देने पहुंचे। राजनीतिक प्रतिद्वंदिता से दूर अपनी अलग रेखा अंकित कर चलने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के दावेदारी पेश करने के बाद शहर की राजनीति बदली सी नज़र आ रही है। वहीं टिकट की महत्वकांक्षा रखने वालों के मन में भी कहीं न कहीं अपनी मजबूत दावेदारी को लेकर संशय बैठ चुका है। हालांकि कांग्रेस के दावेदारों की सूची में अब तक तीन नाम आ चुके हैं, जिसमें से जतिन जायसवाल एक प्रमुख नाम है। वहीं विधायक रेखचंद जैन, इंविप्रा उपाध्यक्ष राजीव शर्मा और मलकित सिंह गैदु की प्रमुख दावेवार माने जा रहे हैं, जिनकी दावेदारी अभी शेष है।

बता दें कि सरल, सौम्य स्वभाव और स्वच्छ राजनीति के पर्याय जतिन जायसवाल ने भाजपा के कब्जाधारी जगदलपुर नगर निगम के चक्रव्यूह को भेद कर 2014 के निगम चुनाव में बतौद महापौर प्रत्याशी चुनाव जीतकर कांग्रेस को लंबे अरसे बाद विजय तिलक लगाया था। जिसके बाद से अब तक निगम पर कांग्रेस का राज कायम है। डिप्टी सीएम के खास माने जाने वाले जतिन



जायसवाल के महापौर के सफलतम कार्यकाल के बाद से ही उनकी लोकप्रियता और भी बढ़ गयी है। इस बीच आगामी विधानसभा में चुनाव लडने की मंशा लिये जब जितन पहुंचे आवेदन देने तो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दबे मन से ही सही प्रसन्नता जाहिर तो की है। साथ ही बड़ी संख्या में समर्थक जतिन के साथ शक्ति प्रदर्शन रूपी रैली की शक्ल में आवेदन देने पहुंचे। अब देखना है कि बाकि दावेदारियां और आपसी प्रतिद्वंद के बीच कौन बाज़ी मारता है।

**सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के घर ईडी की रेड**

# रायपुर, दुर्ग-भिलाई में 8 ठिकानों पर दबिश, तड़के सीआरपीएफ जवानों के साथ पहुंची टीम

रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने फिर छापेमारी की है। रायपुर, रायगढ़ और दुर्ग-भिलाई में सट्टा कारोबार से जुडे 8 लोगों के घर छापा मारा गया है। रायपुर में तीन जगहों वॉलफोर्ट सिटी, स्वर्ण भूमि और अशोका रत्न में रेड मारी गई है।



अशोका रत्न में रहने वाले ज्वेलरी और पेट्रोल पंप संचालक के दो ठिकानों पर दबिश दी गई है। सीआरपीएफ के जवानों के साथ ईडी की टीम कारोबारी के निवास में पहुंची है।

भिलाई के फरीद नगर निवासी ट्रांसपोर्टर के यहां भी कार्रवाई की गई है। दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला था। भिलाई स्थित सूर्या विहार कॉलोनी में दिलीप चंद्राकर के घर भी छापा मारा गया है। दिलीप भिलाई में कारोबार संभालने वाला सौरभ चंद्राकर का चाचा है। दुर्ग में सागर सिंह के निवास पर मीडिया कर्मियों से ईडी अफसरों की बहस हो गई। कवरेज कर रहे मीडिया कर्मी का हाथ पकड़कर मोबाइल छीनने की कोशिश की गई है। मोबाइल से वीडियो डिलीट करवाया गया है। सभी जगहों पर मीडिया को कवरेज करने पर रोक लगाई गई है। दुर्ग में जमीन खरीदी बिक्री का काम करने वाले मोहम्मद सद्दाम के भिलाई निवास पर ईडी ने कार्रवाई की है। फरीदनगर स्थित निवास में चार ईडी के अधिकारी सहित सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं। भिलाई में ही रवि उप्पल के भाई रोहित उप्पल और सन्नी सतनाम के यहां जांच जारी है।



### यहां दी गई दबिश

- स्वर्णभूमि स्थित वकील पीयूष भाटिया के घर दबिश।
- अशोका र के अंदर 32 बंगला में कारोबारी दमानी के यहां कार्रवाई।
- भिलाई स्थित फरीद नगर में मोहम्मद सद्दाम के यहां रेड पड़ी है। पिछले दिनों सट्टा मामले में भी फंसा था।
- भिलाई में रवि उप्पल के भाई रोहित उप्पल और सन्नी सतनाम के यहां भी छापा मारा गया है।
- दिलीप चंद्राकर, भिलाई के सूर्याविहार कॉलोनी।

# वनमंत्री के आदेश के भी नर्सरी में पॉलीथिन बंद नहीं



**रायपुर .** अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देश पर लगातार पॉलीथिन के विकल्प की तलाश की जा रही है। प्रदेश की शोध संस्थाओं के अलावा दूसरे राज्यों के शोध संस्थाओं से संपर्क किया जा रहा है। दावा यह भी है कि वन विभाग जिस पॉलीथिन में पौधे तैयार कर रहा है, वो ज्यादा हानिकारक नहीं है। फिर भी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार विकल्प पर लगातार काम किया जा रहा है। जैसे ही पॉलीथिन का विकल्प मिलेगा, तत्काल उसमे पौधरोपण शुरू किया जाएगा। निर्देशानुसार पॉलीथिन के विकल्प पर काम किया जा रहा है। लेकिन उसमें सफलता नहीं मिल पाई है, इस कारण अभी भी पॉलीथिन बैग में ही पौधे तैयार किए जा रहे हैं ।विश्वेश कुमार, डीएफओ, रायपुर मामले में वन विभाग के अधिकारियों की दलील है कि पौधों को बांस, दोना या डिस्पोजल बॉयोडिग्रेट में तैयार करने के लिए प्रयोग किए। छोटे पैमाने पर यह प्रयोग सफल रहा, लेकिन बड़े पैमाने पर ये प्रयोग असफल हो रहे हैं। पॉलीथिन का विकल्प तैयार नहीं हो पा रहा है। इसलिए मनाही के बावजूद पालिथीन में पौधे तैयार करने के लिए कर्मचारी मजबूर हैं।

# ऑनलाइन इंट्री के बिना नहीं दे रहे राशन, तौल मशीन जोड़ने लिखी चिट्ठी



**रायपुर.** शहर की नई सभी राशन दुकानों से चावल और शक्कर बांटने की इंट्री ऑनलाइन शुरू हो गई है। जिले में कहीं भी किसी भी राशन दुकान से ऑफलाइन राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। जिला खाद्य नियंत्रक केसी थारवानी ने बताया कि नई राशन दुकानों में अभी केवल मशीनों का इंटीग्रेशन तौल मशीनों से नहीं हुआ है। केंद्र सरकार के नियम के अनुसार सभी मशीनों को तौल मशीन से जोड़ना जरूरी है। इससे यह पता चलेगा कि कार्ड वालों को सही तौल से पूरा राशन दिया जा रहा है। पीओएस मशीनें पहले और वेइंग मशीनें बाद में मिलने की वजह से इनका इंटीग्रेशन नहीं हो पाया था। इस काम को करने के लिए खाद्य नियंत्रक की ओर से खाद्य संचालनालय के संचालक को एक चिट्ठी भी लिखी गई है।

# भूपेश ने न्याय योजना के पैसे जारी किए सोनिया बोलीं- दूसरे राज्यों के लिए मिसाल



**रायपुर .** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में सीधे 2055 करोड़ 60 लाख रुपए भेजे। इसके साथ ही महासमुंद जिले में 704 करोड़ रुपए के 224 कामों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 18 नई तहसील और 13 नए अनुविभागीय कार्यालयों का उद्घाटन भी किया।

## एक नजर

### यूथ कांग्रेस ने निकाली सद्भावना पदयात्रा




**रायपुर .** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के मौके पर यूथ कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में सद्भावना पदयात्रा निकाली। यूथ कांग्रेसियों ने शहर के जयस्तंभ चौक से पदयात्रा की शुरूआत की। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मालवीय रोड और सदर बाजार से होते हुए ये पदयात्रा राजीव गांधी चौक पर पहुंची। यहां उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर पदयात्रा का समापन किया गया।

यूथ कांग्रेस नेता मो सिद्दीक ने बताया कि मणिपुर में जिस तरह के हालात हैं, उसके बाद सामाजिक समरसता का संदेश देने के लिए सद्भावना यात्रा निकाली गयी। उन्होंने कहा कि देश में तोड़ने वाले सक्रिय हैं,ऐसे में राजीव गांधी की जयंती पर जोड़ने की बात पदयात्रा में की गई।

**दूसरे राज्यों से आए बीजेपी विधायकों ने सम्भाला मोर्चा**

# 5 राज्यों से आए 57 विधायक, 8 दिनों तक विधानसभाओं का दौरा कर लेंगे फीडबैक

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की सभी विधानसभा सीटों का दौरा करने देश के 5 राज्यों के 57 बीजेपी विधायक आज से रायपुर पहुंच गए हैं। प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले विधायकों से प्रचार की रणनीति बीजेपी ने तैयार की है। जिसमें सभी 90 सीटों पर फीडबैक लेने और प्रचार के साथ बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश विधायकों की रहेगी।

पहले चरण में 35 विधायकों का दौरा कार्यक्रम तैयार किया गया है। जिसमें 5 राज्य बिहार, झारखण्ड, ओडिशा ,असम और पश्चिम बंगाल के विधायकों को बुलाया गया है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में विधायकों के दौरे के पहले चरण की शुरूआत आज से हुई है, जो 28 अगस्त तक चलेगी। रायपुर में बीजेपी के प्रदेश कार्यालय एकात्म परिसर में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने सभी विधायकों का स्वागत किया। यहां पहुंचे विधायक 8 दिनों तक दौरा करने के बाद 2 सितंबर को अपनी विधानसभावार रिपोर्ट राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपेंगे। बीजेपी विधायकों के दौरे का कार्यक्रम देश के सभी 5 राज्यों के



लिए तैयार किया है, जहां इस साल के चुनाव होने वाले हैं। इस दौरान विधायकों को 13 बिंदुओं पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 57 में से 35 विधायकों को इन विधानसभा क्षेत्रों का करना है दौरा

गायत्री देवी (बिहार) -कोरबा विधानसभा, आलोक चौरसिया(झारखण्ड)- बैकुण्ठपुर विधानसभा,प्रमोद कुमार (बिहार)-दुर्ग ग्रामीण विधानसभा, कृष्णनंद पासवान (बिहार) -नवागढ़ विधानसभा, कोचे मुंडा (झारखण्ड)-भरतपुर-सोनहत विधानसभा, निशा सिंह (बिहार)-बेमेतरा विधानसभा, आलोक रंजन झा (बिहार)- कवर्धा विधानसभा, कृष्ण कुमार मंटू (बिहार)-पाटन , संजय सरावगी (बिहार)-रायपुर ग्रामीण। अपर्णा सेन गुप्ता(झारखण्ड)-भटगांव विधानसभा, केदार हाजरा(झारखण्ड)-जशपुर विधानसभा, नारायण दास(ओडिशा)-कोंटा विधानसभा, रूपज्योति कुर्मी(असम)-सक्ति विधानसभा, प्रमोद बोरठाकुर(असम)-कोटा विधानसभा,भास्कर सरमा(असम)असम-बिल्हा विधानसभा, कुमार शैलेन्द्र (बिहार)-पामगढ़ विधानसभा, अरुण शंकर प्रसाद(बिहार)-वैशाली नगर विधानसभा।

# जिलों में हल्की से मध्यम बारिश

**रायपुर.** रायपुर में शनिवार को बारिश के बाद बीजेपी दफ्तर एकात्म परिसर के सामने की तस्वीर, सड़क पर भरा रहा पानी। छत्तीसगढ़ के रायपुर और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में आज भी बारिश हो सकती है। बिलासपुर,पेण्ड्रा, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, कवर्धा और बेमेतरा जिले के कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**2 सगी बहनों ने की 50 लाख की ठगी**

# मकान बनवाने के नाम पर कॉलम खोदकर काम किया बंद, 2 गिरफ्तार

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दो सगी बहनों ने मकान बनवाने के नाम पर 50 लाख रुपए की ठगी की है। उन्होंने पहले मकान बनवाने का ठेका लिया, फिर काम को बीच में बंद कर दिया। जब उनसे पैसे वापस लौटाने के लिए कहा गया, तो उन्होंने टालमटोल शुरू कर दिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य युवती फरार है। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र



का है। पीड़ित देवव्रत दुबे ने बताया उसने अविनाश ट्विन सिटी कुम्हारी में मकान बनाने के लिए निर्वाणा होम्स की महिला ठेकेदार प्रीति चौधरी को ठेकेदारी दी थी। उन दोनों के बीच 36 लाख 50 हजार रुपए का कॉन्ट्रैक्ट हुआ था।

इस काम के लिए देवव्रत ने एडवांस के तौर पर पहली किस्त में 19 लाख 37 हजार रुपये भी आरोपियों को दिए थे, लेकिन उन्होंने जमीन पर केवल कॉलम खोदकर काम बंद कर दिया। जब काम बंद करने का कारण पूछा गया, तो आरोपी महिलाओं ने की उनके पैसे खत्म हो गए हैं, उन्हें और पैसे चाहिए। इसके बाद पीड़ित ने राजेंद्र नगर थाने में आरोपी महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कराया।पुलिस ने जांच कर दोनों आरोपी बहनों प्रीति चौधरी और प्रिया चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, इस मामले में युवतियों की मां भी शामिल बताई जा रही है। दोनों बहनों ने देवव्रत जैसे ही कई अन्य लोगों से भी मकान बनवाने का कॉन्ट्रैक्ट लेकर 50 लाख रुपए वसूल किए थे।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित जन चौपाल में जन सामान्य की समस्याओं को मौके पर सुनते हुए प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राशन, पेंशन, सहायक उपकरण सहित राजस्व तथा भू-अर्जन के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम-साजापाली के ग्रामीण राशन प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा राशन सामग्री वितरण में बहुत ज्यादा अनियमितता बरती जा रही है। राशन लेने जाने पर संचालक का एकमात्र कहना है कि अभी राशन नहीं आया है जब आयेगा तो मिलेगा। ऐसे करते-करते तीन से चार माह बीत गया। प्रतिमाह राशन नहीं मिलने के कारण हम सभी को जीवन-यापन में बहुत कठिनाईयां हो रही है। कलेक्टर सिन्हा ने उक्त आवेदन पर खाद्य अधिकारी को तत्काल जांच कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मौहापाली निवासी बाबूलाल अधिग्रहित भूमि मुआवजा के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एसईसीएल छाल क्षेत्र द्वारा उनकी भूमि को अधिग्रहित किया गया है। जिसका मुआवजा आज पर्यन्त तक अप्राप्त है। उन्होंने मुआवजा राशि भुगतान के संबंध में निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर को निर्देशित किया। बिना मान्यता कम्प्यूटर सेंटर संचालित किए जाने के संबंध में जांच हेतु लैलूंगा पोटे बिरनी निवासी जदुमनी गुप्ता आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि लैलूंगा में हाईटेक कम्प्यूटर एजुकेशन के संचालक कमलेश नायक द्वारा बिना मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर का संचालन किया जा रहा है। उनके द्वारा मान्यता के संबंध में बिना जानकारी दिए बच्चों को कम्प्यूटर से संबंधित विश्व विद्यालयीन कोर्स में प्रवेश दिलाया जा रहा है, जो कि अनुचित है एवं बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम लैलूंगा को उक्त कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

विकासखण्ड पुसौर के ग्राम-भांडनपाली निवासी जरबन गुप्ता विकलांग पेंशन की मांग हेतु आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे जन्म से दृष्टिबाधित है और उनका शत-प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बना हुआ है। दिव्यांगता के कारण वे किसी भी कार्य को करने में असमर्थ है एवं आय का कोई भी साधन न होने के कारण जीवन-यापन में कठिनाई हो रही है। इसी तरह रायगढ़ के सहदेवपाली निवासी सुमित्रा बाई महंत ट्रायसायकिल की मांग हेतु जनचौपाल में आयी थी। कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को उक्त दोनों आवेदनों पर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। डीपापारा रायगढ़ निवासी श्री मनु सिंह, पुनर्वास नीति के तहत बकाया मुआवजा राशि भुगतान के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि नहर निर्माण हेतु उनकी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। जिसके पश्चात उन्हें मुआवजा राशि प्रदान की गई थी किंतु शेष राशि आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हो पायी है। शेष मुआवजा राशि नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से मुआवजे की शेष राशि अति शीघ्र दिलाए जाने हेतु निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने एसडीएम रायगढ़ को आवेदन पर प्राथमिकता के साथ कार्यवही के निर्देश दिए। जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 89 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिकता से आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रायगढ़ में पदस्थ सहायक कलेक्टर युवराज मरमट ने तेलंगाना कैडर की आईपीएस पी.मोनिका से की कोर्ट मैरिज, सादगी से बंधे परिणय सूत्र में

* कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने दी शुभकामनाएं

* रायगढ़ के अतिरिक्त कलेक्टर कोर्ट में हुआ विवाह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले में सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ 2022 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी युवराज मरमट आज 2022 बैच के तेलंगाना कैडर की आईपीएस अधिकारी पी.मोनिका के साथ सादगी पूर्ण तरीके से कोर्ट मैरिज कर परिणय सूत्र में बंधे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर नव-विवाहित अधिकारी युगल को बधाई व शुभकामनाएं दी। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने भी नवदम्पत्ति को अपनी शुभकामनाएं दीं। अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने विवाह प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, नायब तहसीलदार श्रीमती तृप्ति चंद्राकार, स्टेनो टू कलेक्टर सूरज खर्रा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी शुभकामनाएं नव दंपत्ति को दीं।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षकीय पदों पर संविदा भर्ती के लिए 11 सितम्बर तक कर सकते आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिला अंतर्गत 8 स्वामी आत्मानंद योजनान्तर्गत संचालित अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। जिसके लिए 25 अगस्त से 11 सितम्बर 2023 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदक जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ के पते पर स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर डाक के माध्यम से आवेदन भेज सकते है। ज्ञात हो कि अंतिम तिथि 11 सितम्बर को समय 5.30 सायं तक डाक के माध्यम से ही प्राप्त आवेदनों का ही पात्रता एवं अपात्रता का परीक्षण किया जाएगा। अन्य माध्यम से/ विलंब से प्राप्त आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। यह नियुक्ति पूर्णत: अस्थायी होगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले के वेबसाइट www.raigarh.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।

**रिक्त पदों की जानकारी** - स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चपले में व्याख्याता-जीव विज्ञान-1 पद अनारक्षित, व्याख्याता-गणित-1 पद अनारक्षित, व्याख्याता-वाणिज्य-1 पद अजजा, शिक्षक-अंग्रेजी-1 पद अनारक्षित तथा सहायक शिक्षक-1 पद अनारक्षित एवं 1 पद अजजा के लिए रिक्त है। इसी तरह शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में प्री-प्राईमरी टीचर-1 पद अजजा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कोड़ातराई में शिक्षक कला-1 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक-1 पद अजा, प्री-प्राईमरी टीचर-1 पद अजजा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में व्याख्याता-जीव विज्ञान-1 पद अनारक्षित, व्याख्याता-भौतिकी 1 पद अनारक्षित, प्री-प्राईमरी टीचर- 1 पद अजजा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तमनार में व्याख्याता-वाणिज्य 1 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक-1 पद अजजा, सहायक शिक्षक विज्ञान-1 पद अनारक्षित, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुसौर में प्री-प्राईमरी टीचर-1 पद अजजा एवं प्रधान पाठक प्रा.शाला-1 पद अनारक्षित, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लैलूंगा में-प्री-प्राईमरी टीचर- 1 पद अजजा तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में प्री-प्राईमरी टीचर-1 पद अजजा के लिए रिक्त है।

### बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे नक्सली, सुरक्षा बलों ने सड़क किनारे से बरामद किया बम

**बीजापुर।** जिले में एक बार फिर नक्सली बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे पर जवानों की सुझबूझ से कोई अनहोनी नहीं हुई. दरअसल, गंगालूर मुख्य मार्ग किनारे किकलेर पहाड़ी पर नक्सलियों ने 15 किग्रा का डायरेक्सनल पाइप बम लगाया था, जिसे सुरक्षा बल ने बरामद किया. सड़क किनारे सुरक्षा बलों को निशाना बनाने नक्सलियों ने बम प्लांट किया था. छ्त्रन्न, बीडीएस टीम बीजापुर और केरिपु 85वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान थाना गंगालूर से 4 किमी पहले बम बरामद किया. वहीं मौके पर बीडीएस बीजापुर की टीम ने बम को निष्क्रिय किया.

### स्कूली बच्चों को बारिश से बचने छतरियां दी गईं

**चारामा।** बारिश के दिनों में अक्सर बच्चे बहना बनाते हैं कि आज बारिश हो रहा है और सुरक्षा के लिए छतरी नही है , स्कूल पहुंचते तक भीग जाएंगे जिसके कारण तबियत खराब हो सकता है इसलिए स्कूल नहीं आते हैं। जिसके लिए शासकीय माध्यामिक विद्यालय रतेसरा के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू ने जरूरतमंद बच्चो को छतरी दिया जिससे बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आकर अध्ययन करेंगे। छतरी मिलने पर बच्चों ने खुशी जाहिर किया और नियमित अध्ययन के लिए तैयार है ।

## सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का हुआ जिला स्तरीय शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक द्वारा आज हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभांठा के प्रांगण में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 का जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ किया गया। उक्त समारोह में महापौर नगर निगम जानकी काटजू, वार्ड पार्षद ईश कृपा तिर्की, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधूलिका सिंह ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा डॉ.कॉकोली पटनायक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी.बस्तिया एवं रामभांठा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी एवं क्षेत्र के जनसामान्य उपस्थित रहे।




जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल द्वारा जानकारी दी गयी कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त तक आयोजित किया जाना है। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती माताओं, जिनका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत कोई भी टीका छूटा है, उनका नियमानुसार टीकाकरण किया जाएगा।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ मतदाताओं ने ली मतदान की शपथ

आशा निकेतन में वृद्धजनों का किया गया सम्मान, मतदान हेतु की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव के मार्गदर्शन में 21 अगस्त विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर आज आशा निकेतन वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का सम्मान एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 48 वरिष्ठजनों का स्वागत कर पुष्प माला से सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी वृद्धजनों का हालचाल जाना एवं उन्हें फल एवं मिष्ठान वितरित किए।

आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठजनों को आगामी निर्वाचन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही जिले में चल रहे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया गया। मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी एवं बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन कार्य करवाया जा सकता है। इस दौरान सभी वृद्धजनों को निर्वाचन हेतु शपथ दिलवायी गयी। कार्यक्रम में एक वृद्ध दंपति श्री कालेश्वर महंत एवं उनकी धर्मपत्नी का फॉर्म-6 भर के नये मतदाता के रूप में मतदाता सूची में जोड़ने हेतु ऑनलाइन एंट्री की गई। इस मौके सभी वरिष्ठजनों ने लोगों से शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की।

**वृद्ध दंपति कालेश्वर महंत एवं उनकी धर्मपत्नी ने भरे नये मतदाता के रूप में फार्म**

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ऋतु हेमनामी, उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल, प्रो.मिनेश पटेल, मास्टर ट्रेनर विकास सिन्हा एवं सी.आर.महिलाने एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस महिलाओं से पानी पाउच और नमकीन का पैकेट बनवाकर बेचने में व्यस्त-बीजेपी



**रायपुर.** रायपुर बीजेपी कार्यालय एकात्म परिसर में रविवार को बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रीपा योजना के तहत शराबियों को चखना बेचने का आरोप लगाया है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि सरकार महात्मा गांधी के नाम पर शुरू रीपा योजना के तहत शराबियों को चखना बेच रही है। भाजपा ने चखना पैकेट के इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी ट्वीट किया है। चखना पैकेट में छत्तीसगढ़ शासन का लोगो बना हुआ है। इसमें पानी पाउच और ग्लास को फ्री बताया गया है। भाजपा के सोशल मीडिया सहसंयोजक मिथुन कोठारी, भाजपा नेता हर्षा चंद्राकर, लोकमणि चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) योजना में स्व सहायता समूह की महिलाओं से शराबियों के लिए स्पेशल चखना पैकेट बनवा रही है। इसमें प्लास्टिक ग्लास के अंदर एक पानी पाउच पैकेट और नमकीन चखना का पैकेट डाला गया है।

बीजेपी का आरोप है कि शराबियों के लिए लॉन्च किए गए इस पैकेट की कीमत 10 रुपये रखी गई है। हालांकि इसमें एमआरपी रेट का जिक्र कहीं नहीं है।

**शर्मनाक योजना है-बीजेपी**

*भाजपा नेताओं ने बताया कि रीपा योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं, स्व-सहायता समूहों और बेरोजगारों को लघु उद्योग के रूप में प्रोडक्शन यूनिट बनाया जाना है। जहां कई तरह की मशीनें लगाकर उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। लेकिन मुख्यमंत्री के पाटन क्षेत्र के गांवों में जारी ऐसी योजना शर्मसार करने वाली है। इसमें ग्लास के ऊपर छत्तीसगढ़ शासन का लोगो भी लगाया गया है।*

## निदेशक, गृह मंत्रालय रंजीता रश्मि 22 अगस्त से रहेंगी जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर

कैच द रैन-2023 अभियान और जल संरक्षण कार्यों की करेंगी समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



निदेशक, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली रंजिता रश्मि 22 से 24 अगस्त तक तीन दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर रहेंगी। वे यहां जलशक्ति कार्यक्रम के तहत कैच द रैन-2023 अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार निदेशक रंजीता रश्मि 22 अगस्त को शाम 4 बजे नगर निगम एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक लेंगी तथा गणेश तालाब एवं केलो डेम का निरीक्षण करेंगी। निदेशक रंजीता रश्मि 23 अगस्त को विकासखण्ड तमनार के रीपा गौठान एवं हितग्राही मूलक गतिविधियों का निरीक्षण करेंगी। साथ ही जिंदल उद्योग द्वारा वृक्षारोपण कार्य, आमापाली में जल जीवन मिशन कार्य, ग्राम पंचायत देवगढ़ में कुंआ निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत महुआपाली में वृक्षारोपण कार्य एवं नदीतट का निरीक्षण करेंगी। इसी के साथ ही विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम पंचायत बैहामुड़ा में रीपा गौठान रैन हार्वेस्टिंग एवं हितग्राही मूलक कार्य, भालूमार एवं बगचबा में जल जीवन कार्यो, ग्राम पंचायत जिवरी में जल जीवन मिशन के कार्यो, राबो डेम/बैहामुड़ा बैराज एवं बनखेता बैराज का निरीक्षण करेंगी। निदेशक रंजीता रश्मि तृतीय दिवस 24 अगस्त को विकासखण्ड खरसिया के ग्राम पंचायत गुरदा में अमृत सरोवर निर्माण, ग्राम पंचायत पामगढ़ में कुंआ निर्माण तथा ग्राम पंचायत बाम्हनपाली में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करेंगी।

## समलाई मंदिर प्रांगण में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

रायगढ़ सहित पड़ोसी राज्य उड़ीसा से भी हजारों की संख्या में पहुंचे लोग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




श्रावण अधिमास के पवित्र अवसर पर बीते 14 जुलाई से 19 अगस्त तक समलाई मंदिर प्रांगण में धर्म रक्षा और हिंद सेवक समिति के सामूहिक तत्वाधान में सवा महीने तक चलें अखंड नम: शिवाय जाप के पश्चात आज 21 अगस्त सोमवार को कार्यक्रम स्थल में ही सवा पांच करोड़ पंचाक्षरी महामंत्र से अभिमंत्रित हुए शिव स्वरूप रुद्राक्ष बीज का वितरण कार्यक्रम रखा गया था। पहले से निर्धारित समयानुसार आज सुबह ठीक 10 बजे अखंड नम: शिवाय का जाप संपन्न कराने वाले मुख्य पंडित महाराज द्वारा सर्वप्रथम अभिमंत्रित रुद्राक्ष का विधिवत पूजन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक विकास केडिया द्वारा औपचारिक रूप से शुरू किया गया। जिसके बाद साक्षात शिव स्वरूप मानें जाने वाले रुद्राक्ष बीज अभिमंत्रित को प्राप्त करने सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पहुंचने लगे थे जिन्हें आयोजन समिति द्वारा नियुक्त स्वयंसेवकों द्वारा बेहद सुव्यवस्थित कतार बद्ध तरीके से अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरित टोकन के हिसाब से वितरण किया गया, इस दौरान टोकन लेकर आने वाले प्रत्येक शिव भक्तों को अभिमंत्रित रुद्राक्ष के साथ शिव चालीसा भी दिया गया। वितरण शुरू होते ही अभिमंत्रित रुद्राक्ष को प्राप्त करने हेतु जहां स्थानीय शिवभक्तों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला, वही दोपहर बाद रायगढ़ के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचने लगे, जिसमें सर्वाधिक तादाद रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित जिला मुख्यालय से लगे उड़ीसा राज्य के लोगों की थी, जो न सिर्फ अभिमंत्रित रुद्राक्ष बीज को लेकर उत्साहित देखें गए बल्कि रायगढ़ विधानसभा के दूरस्थ क्षेत्रों और समीपवर्ती राज्य उड़ीसा से आने वाले शिव साधकों में आयोजन समिति के सदस्यों के साथ सेल्फी लेने को भी जबरदस्त माहौल दिखा, इस दौरान कार्यक्रम संयोजक विकास केडिया लगभग पूरे समय शिवभक्तों से घिरे दिखाई दिए। जहां सैकड़ों की संख्या में लोग उन्हें इस अभूतपूर्व धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई देकर उनके साथ सेल्फी लेते देखे गए।

## आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 को मिला यू/ए सर्टिफिकेट



आयुष्मान खुराना पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब खबर है कि ड्रीम गर्ल 2 को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट द्वारा पास कर दिया है। इसका मतलब फिल्म को बच्चे बड़ों की निगरानी में देख सकते हैं। ड्रीम गर्ल 2 2 घंटे और 13 मिनट की होगी। फिल्म के भारत में लगभग 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होने की उम्मीद है। फिल्म में अन्नू कपूर, परेश रावल, सीमा पहवा, विजय राज, मनोज जोशी, राजपाल यादव और असरानी जैसे कई शानदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## बॉडीकॉन आउटफिट पहन नेहा मलिक ने कराया हद से ज्याद बोल्ड फोटोशूट, तस्वीरें देख आहें भर रहे फैंस

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देती हैं। उनके हर एक सिजलिंग लुक्स को देखकर लोगों के पसीने छूटने लाजमी है। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वो एयरपोर्ट में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। नेहा मलिक इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एयरपोर्ट लुक्स की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में नेहा मलिक की बोल्डनेस और हॉटनेस देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी हर लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए रिस्पॉन्स देते हैं। हालांकि नेहा मलिक के चाहने वालों को उनकी हर एक पोस्ट का बेसब्री से इंतजार भी रहता है। नेहा मलिक ने अपनी इन तस्वीरों में व्हाइट कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। बताते चलें कि नेहा मलिक का हर एक लुक सुर्खियों में रहता है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

## नेहा शेट्टी ने बैक-टू-बैक हिट गानों के साथ सनसनीखेज रिकॉर्ड बनाया

एक उभरते सितारे के रूप में उभरते हुए, नेहा शेट्टी ने अपनी फिल्म डीजे टिल्लू से सुर्खियां बटोरीं। जहां फिल्म ने सिद्धु जोनालागड्डा को प्रसिद्धि दिलाई, वहीं नेहा ने अपनी खुद की यात्रा का सामना किया और धीरे-धीरे आशाजनक भूमिकाएं हासिल कीं। अब, नेहा शेट्टी दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों, रूल्स रंजन और गैंग्स ऑफ गोदावरी के साथ शानदार वापसी कर रही हैं, जो उद्योग और सोशल मीडिया हलकों में चर्चा का विषय बन रही हैं। उनकी मनमोहक उपस्थिति फिल्म के गानों में झलकती है, विशेष रूप से रूल्स रंजन से सम्मोहनुदा और गैंग्स ऑफ गोदावरी से सुत्तमल सूसी, जो कामुक आकर्षण और ग्लैमर बिखेरते हैं। नेहा शेट्टी की मनमोहक उपस्थिति और मंत्रमुग्ध कर देने वाले डांस मूव्स ने सोशल प्लेटफॉर्म पर चर्चाएं छेड़ दी हैं। यह स्पष्ट है कि नेहा के लिए टॉलीवुड में चमकने का समय आ गया है, जिससे उभरती हुई एक रोमांचक प्रतिभा के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई है।



## तमन्ना भाटिया की आखिरी सच का ट्रेलर जारी, दिल्ली के बुराड़ी कांड पर है आधारित




**बॉ**लीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज आखिरी सच को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।यह सीरीज दिल्ली के बुराड़ी में हुई मौतों पर आधारित है, जिसने न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। अब निर्माताओं ने आखिरी सच का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर है।सीरीज में तमन्ना मुख्य जांच अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर सीरीज का ट्रेलर साझा किया है। उन्होंने लिखा, एक रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी जो भाग्य के सबसे टेढ़े-मेढ़े संबंधों, एक परिवार के फंसे हुए रहस्यों और एक अन्वेषक द्वारा देखी गई भयानक भयावहता को उजागर करती है।इसमें अभिषेक बनर्जी, शिविन नारंग, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में हैं।

यह सीरीज पुलिस के दृष्टिकोण को सामने लाकर एक जटिल मामले की कहानी बताती है। आखिरी सच एक काल्पनिक कहानी है, जिसमें काल्पनिक पात्र हैं, जो एक वास्तविक मामले से प्रेरित है जिसने देश को हिलाकर रख दिया था। यह अन्या नाम की एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा की गई अपराध जांच का अनुसरण करती है। अपराध जांच थ्रिलर कई रहस्यों को खोलेगी और प्रत्येक चरित्र के जीवन में गहराई से उतरेगी।

## सुप्रिया पाठक की खिचड़ी 2 का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

**आ**तिश कपाड़िया के निर्देशन में बनी खिचड़ी को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया था।कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 2010 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें सुप्रिया पाठक, अनंग देसाई, राजीव मेहता, जमनादास मजेठिया और निमिषा वखारिया जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब निर्माताओं ने खिचड़ी के सीक्वल का ऐलान कर दिया है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख भी सामने आ चुकी है।



खिचड़ी 2 इसी साल दिवाली के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आतिश ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर खिचड़ी 2 से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस दिवाली, हंसी का धमाका सिनेमाघरों में।खिचड़ी 2 का निर्माण जमनादास मजेठिया द्वारा किया जाएगा, जबकि फिल्म की कहानी आतिश कपाड़िया ने लिखी है।

## ममूटी ने शुरू की अपनी अगली हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम की शूटिंग, पोस्टर जारी




**म**मूटी ने अपनी अगली फिल्म ब्रमायुगम की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया। यह एक हॉरर थ्रिलर है और इसका निर्देशन राहुल सदाशिवन ने किया है। ब्रमायुगम पहली फिल्म है जो नाइट शिफ्ट स्टूडियो के बैनर तले बनी है। ब्रमायुगम मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज़ होगी। ममूटी ने अपनी आगामी हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम का पहला पोस्टर ट्विटर पर साझा किया। उन्होंने लिखा, सब्रह्मयुगम - मेरी अगली शूटिंग आज से शुरू हो रही है। फिल्म के निर्देशक और लेखक राहुल सदाशिवन ने अभिनेता के साथ अपने सहयोग को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं दिग्गज ममूक्का को निर्देशित करने के सपने को जीने के लिए उत्साहित हूं। ब्रमायुगम केरल के अंधेरे युग में स्थापित एक मूल कहानी है, और इसे बनाने की सीमाओं को आगे बढ़ाने में निर्माताओं द्वारा समर्थन पाकर मुझे खुशी है। एक गहन फिल्म अनुभव में। मुझे उम्मीद है कि यह ममूक्का के प्रशंसकों और दुनिया भर में इस शैली के प्रशंसकों के लिए एक सौगात होगी।

निर्माता, चक्रवर्ती रामचंद्र और एस शशिकांत ने कहा, हम अपने शुरुआती प्रोडक्शन में महान ममूक्का को लेकर सम्मानित और रोमांचित हैं। ममूक्का की अद्वितीय छवि एक शानदार सिनेमाई अनुभव में जान डालने के लिए तैयार है।

# खेल




## भारत ने आयरलैंड से लगातार तीसरी टी-20 सीरीज जीती

### 33 रन से जीता दूसरा मुकाबला, 2-0 की बढ़त ली; रिंकू ने 21 बॉल पर 38 रन बनाए

**डबलिन।** टीम इंडिया ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज जीत ली है। टीम ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 33 रन से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने बाइलेटरल सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 23 अगस्त को खेला जाएगा। डबलिन के द विलेज स्टेडियम में भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में आयरिश टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन ही बना सकी।

### आखिरी 2 ओवर में रिंकू-दुबे ने बनाए 42 रन

मैच का टारगेट पॉइंट भारतीय पारी के आखिरी दो ओवर रहे। इनमें रिंकू सिंह और शिवम दुबे की जोड़ी ने 42 रन बनाए। इस साझेदारी में रिंकू ने 28 और दुबे ने 22 रन का योगदान दिया। इससे भारत ने 185 रन का टारगेट दिया। 18 ओवर के बाद भारत ने चार विकेट पर 143 रन बना लिए थे।

भारतीय बल्लेबाजी रंग में दिखी। तिलक वर्मा को छोड़कर अन्य सभी बल्लेबाजों ने अपना-अपना योगदान दिया। आखिरी में रिंकू सिंह और शिवम दुबे ने विस्फोटक पारियां खेलीं, जिनके दम पर भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया।

186 रन का बड़ा चेज करने उतरी आयरिश टीम की शुरुआत खराब रही और टीम ने 19 के स्कोर पर लगातार दो विकेट गंवा दिए। पावरप्ले समाप्त होते-होते टीम का स्कोर 31/3 हो गया। इससे मिडिल ऑर्डर पर दवाब आया और मिडिल ऑर्डर बिखरने लगा। ऐसे में एक छोर से क्रीज पर खड़े ओपनर एंड्रयू बालबर्नी (72 रन) ने जॉर्ज डॉकरेल के साथ मिलकर बिखरती पारी को संभालने की नाकाम कोशिश की। दोनों ने 30 बॉल पर 52 रन जोड़े। टीम से यही इकलौती 50+ की पार्टनरशिप रही।



डॉकरेल के आउट होते ही आयरलैंड के ऑलआउट होने में समय नहीं लगा। भारतीय खेमे से जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई ने सराहनीय गेंदबाजी की।

### भारत के नाम रहा पावरप्ले

मुकाबले का पावरप्ले कॉन्टेस्ट भारतीय टीम के नाम रहा। पहले खेल रही भारतीय टीम ने शुरुआती 6 ओवर में दो विकेट पर 47 रन बनाए, जबकि आयरिश टीम ने 6 ओवर में 31 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

### आयरलैंड की पारी: बालबर्नी ने जमाया 10वां अर्धशतक

*आयरिश ओपनर एंड्रयू बालबर्नी ने करियर का 10वां अर्धशतक जमाया। उन्होंने 51 बॉल पर 141.18 के स्ट्राइक रेट से 72 रन बनाए। बालबर्नी की पारी में 5 चौके और 4 छक्के जमाए। बालबर्नी ने टी-20 इंटरनेशनल में 2 हजार रन भी पूरे कर लिए। वे इस मुकाम तक पहुंचने वाले दूसरे आयरिश बैटर बने। बालबर्नी ने अपनी पारी का 31वां रन बनाने हुए यह अचीवमेंट हासिल की।*

## एक नजर

### एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

नई दिल्ली । एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम की ऐलान कर दिया गया है। टीम में रोहित शर्मा कप्तान और हार्दिक पंड्या को उपकप्तान बनाया गया है ,वही टीम में शुभमन गिल ,विराट कोहली,श्रेयसअय्यर ,सूर्य कुमार यादव ,तिलक वर्मा ,KL राहुल ,ईशान किशन,रविंद्र जडेजा,शार्दुल ठाकुर,अक्षर पटेल,कुलदीप यादव,जसप्रीत बुमराह मोहमद शमी,मोहमद सिराज,प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया है। वही संजू सेमसन को बेकअप प्लेयर के रूप में रखा गया है। लेकिन केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को फिटनेस टेस्ट के आधार पर टीम में जगह मिली है। एशिया कप 2023 : 31 अगस्त से 17 सितंबर तक आयोजित , पाकिस्तान में होंगे चार मैच एशियन क्रिकेट काउंसिल ने जानकारी देते हुए बताया एशिया कप 2023 31 अगस्त से 17 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा और भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें कुल 13 रोमांचक एकदिवसीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में होस्ट किया जाएगा, जिसमें चार मैच पाकिस्तान में होंगे और बाकी के नौ मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।




### दिल्ली नहीं, अब यूपी से खेलेंगे नीतीश राणा

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेटर नीतीश राणा ने घोषणा की है कि वह उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे और मौजूदा 2023-24 घरेलू क्रिकेट सीजन से दिल्ली का साथ छोड़ देंगे। आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले बाएं हाथ के ऑलराउंडर बल्लेबाज नीतीश राणा, अब घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। वह इस टीम में अपनी आईपीएल टीम के साथी रिंकू सिंह के साथ जुड़ेंगे। वह अब यूपीटी20 लीग के उद्घाटन संस्करण में खेलने के लिए पात्र हैं, जहां वह नोएडा सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे।



राणा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं उन अवसरों, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभारी हूं जो डीडीसीए ने मुझे वर्षों से प्रदान किए हैं। जैसे-जैसे मैं नए मुकाम की ओर बढ़ रहा हूं, मैं दिल्ली क्रिकेट की कप्तानी करते हुए अपनी जर्नी को हमेशा याद रखूंगा।

मैं डीडीसीए के साथ अपने कार्यकाल के दौरान रोहन जेटली के समर्थन और सहयोग के लिए उनकी सराहना करना चाहता हूं। हालांकि, मुझे लगता है कि अब अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने का समय आ गया है। मैं बहुत सोच-समझकर इस निर्णय पर आया हूं और मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं आगामी घरेलू सत्र से यूपीसीए में शामिल हो जाऊंगा।

राणा ने कहा, मैं यूपीसीए के लिए खेलने के लिए उत्साहित हूं और मैं नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए सभी के साथ काम करने के लिए बेताब हूं।

### अखिल ने भारत को दिलाया ओलिंपिक-2024 का 5वां शूटिंग कोटा

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज भी जीता, इससे पहले तीसरा गोल्ड दिलाया था

भारतीय शूटर अखिल श्योराण ने भारत को 11वां ओलिंपिक कोटा दिला दिया है। उन्होंने बाकू में चल रही वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप के मेंस 50 मीटर 3 पोजिशन इवेंट में ब्रॉन्ज जीता। इतना ही नहीं, वे मेंस 50 मीटर 3 पोजिशन राइफल टीम इवेंट की गोल्ड मेडलिस्ट भारतीय टीम का हिस्सा रहे।




यह शूटिंग में भारत का 5वां और इस इवेंट का दूसरा ओलिंपिक कोटा है। इससे पहले, इस इवेंट में स्वप्निल कुसले ने पिछले साल क्रोएशिया वर्ल्ड कप में पहला कोटा दिलाया था।

50 मीटर 3 पोजिशन इवेंट में ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर श्मिर्ल और चेक रिपब्लिक के पेट्र निम्बुर्स्की ने क्रमशः गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते।

मेडल राउंड में अखिल श्योराण नीलिंग सीरीज के बाद छठे स्थान पर थे, लेकिन उन्होंने प्रोन और स्टैंडिंग सेक्शन में वापसी करते हुए 450 का स्कोर बनाया और पोडियम पर जगह बनाई। ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर श्मिर्ल ने 462.6 पॉइंट्स के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि चेक रिपब्लिक के पेट्र निंबर्सकी ने 459.2 पॉइंट्स के साथ सिल्वर मेडल जीता।

ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर क्वालीफाइंग राउंड में 583 पॉइंट्स के साथ 13वें और नीरज कुमार 577 पॉइंट्स के साथ 40वें स्थान पर रहे। दोनों ही फाइनल में जगह नहीं बना पाए।

## स्पेन ने पहली बार जीता विमेंस फीफा वर्ल्ड कप

### फाइनल में इंग्लैंड को 1-0 से हराया, ओल्गा कार्मोना ने 29वें मिनट में किया गोल

स्पेन ने पहली बार विमेंस फीफा वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया। मैच का इकलौता गोल 29वें मिनट में स्पेन की ओल्गा कार्मोना ने किया।




इसके साथ ही 2011 के बाद पहली बार फीफा को विमेंस फुटबॉल में नया चैंपियन मिला है। 2011 में जापान ने वर्ल्ड कप जीता था। यह जापान का पहला खिताब था।

स्पेन की कप्तान ओल्गा कार्मोना ने पहले हाफ के 29वें मिनट में मैच का इकलौता गोल दागा। मरिओना ने कार्मोना को बॉक्स में बॉल दी, जिसे उन्होंने आसानी से गोल में तब्दील कर दिया। स्पेन की कप्तान ओल्गा कार्मोना ने पहले हाफ के 29वें मिनट में मैच का इकलौता गोल दागा। मरिओना ने कार्मोना को बॉक्स में बॉल दी, जिसे उन्होंने आसानी से गोल में तब्दील कर दिया। स्पेन मेंस और विमेंस दोनों का फुटबॉल वर्ल्ड कप जीतने वाला दूसरा देश बन गया है। जर्मनी दोनों कैटेगरी में खिताब जीतने वाला पहला देश है। विमेंस वर्ल्ड कप की शुरुआत 1991 में हुई थी। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा खिताब अमेरिका ने (4 बार) जीते हैं।

# राजा धर्मेंद्र सिंह ने पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री से मिलकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के समक्ष विधायक पद के लिए आवेदन प्रस्तुत किया

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



राजा धर्मेंद्र सिंह एवं राजनीती के चाणक्य पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री ने आज महामाई मंदिर में पूजा अर्चना कर महामाई दाई का आशीर्वाद लिया और राजा धर्मेंद्र सिंह के लिए अपने पुरे समर्थको के सात विधायक पद के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी सक्ती के अध्यक्ष के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया स सात ही कहा की सक्ती विधानसभा से मै नहीं पुरे हमारे समर्थक फॉर्म भरने आये है। ज्ञात हो की सक्ती विधानसभा पूर्व से ही जनरल सीट रहा है। और जनरल सीट से राज परिवार आदिवासी होते हुए भी राज परिवार के सदस्य 50 वर्षों तक मंत्री व विधायक रहे हैं। जनता ने हमें प्यार दिया है और हम जनता की सेवा करते रहे हैं। साथ ही राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री जी ने कहा कि की सक्ती बदलाव चाहती है। सक्ती की जनता नया नेतृत्व चाहती है। दमखम वाली नेतृत्व चाहती है जिन से जनता मिल सके बात कर सके देख सके ऐसे व्यक्ति की नेतृत्व चाहती है। 5 वर्षों से हमारे वर्तमान जनप्रतिनिधि एक बार भी गांव के तरफ गांव के जनता के तरफ झाक कर भी नहीं देखे हैं जनता परेशान है जनता अपनी परेशानी किसे बताए किसे सुनाएं अधिकारी कर्मचारी आम जनता की नहीं सुन रहे हैं जनता का काम अटका हुआ है इसलिए जनता नई नेतृत्व चाहती है। जिससे वह मिल सके बात कर सके इसलिए राजा धर्मेंद्र सिंह ने और हमने मिलकर राजा धर्मेंद्र सिंह के लिए अपने पूरे समर्थकों के साथ आज महामाई दाई का आशीर्वाद लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सक्ती के अध्यक्ष के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया आगे भी हम पूरे दमखम के साथ अपना नेतृत्व करेंगे स सभी को ज्ञात हो कि राजमहल और पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री परस्पर एक दूसरे के विरोधी रहे हैं पर राजनीति में ऐसा समीकरण बना है कि आज राजमहल और पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री एक है स दोनों के अपने अलग-अलग जनाधार है और आगे जाकर एक नए समीकरण को जन्म देंगे।

## एक नजर

### जर्जर स्कूलों के मरम्मत का कार्य कमीशन खोरी की वजह से रुका-ओपी

रायगढ़-रायगढ़।

बिलासपुर जिले में जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत हेतु 1400 कार्यों हेतु मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जारी 75 करोड़ रुपयों के काम रुके होने के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा बच्चों के स्कूलों के निर्माण की चिंता कांग्रेस सरकार को जरा भी नही है। ओपी चौधरी ने मीडिया में छपी खबरों के हवाले से कहा 75 करोड़ की लागत से करीबन 14 सौ काम लापरवाही की भेंट चढ़ गए है। स्थानीय जिला प्रशासन के जरिए 74 करोड़ 74 लाख 59 हजार की राशि विभिन्न निर्माण कार्य हेतु जारी हो चुकी है। जर्जर स्कूलों के मरम्मत हेतु चिन्हित 14 सौ कार्य हेतु यह राशि व्यय की जानी है। जिसमें केवल 136 कार्य शुरू किए गए है। सारे कार्य टेंडर प्रक्रिया में उलझे हुए है जबकि बच्चे जर्जर भवनों में अपना जीवन खतरे में डाल कर किसी तरह पढ़ाई कर रहे है। ओपी चौधरी ने कमीशन खोरी की वजह से काम रोक जाने का आरोप कांग्रेस सरकार पर लगाते हुए कहा सारे काम स्कूल खुलने के पहले हो जाने चाहिए।



### प्रमोद कुंजाम ने सिहावा विधानसभा से दावेदारी का आवेदन सौंपा

**नगरी** । कांग्रेस की चुनावी प्रक्रिया का पालन करते हुए जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी करते हुए चारों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीहू राम साहू (मगरलोड),भूषण साहू (नगरी), अखिलेश दुबे (कुकरेल) एवं कैलाश नाथ प्रजापति (बेलरगांव) को अपना आवेदन और बायोडेटा सौंपा।

प्रमोद कुंजाम की आदिवासी समाज एवं युवाओं के बीच अच्छी पकड़ है।श्री कुंजाम जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष

के साथ ही युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी भी सम्हाल रहें। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस सिहावा विधानसभा का इनको समर्थन मिल रहा है। लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर आम जनता से भेंट मुलाकात कर अपने लिए समर्थन जुटा रहें है। श्री कुंजाम लगातार पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन कर पार्टी के हर कैंपेन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सहभागिता प्रदान कर रहें। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के सिहावा विधानसभा अध्यक्ष सोनू चौहान,प्रदेश सचिव नदीम अली, भुपेश सिन्हा, अभिषेक बंजारे,आदित्य ठाकुर,गीतेश साव, नीलकमल साहू,विकास ठाकुर,सतीश साहू,सूरज सिन्हा, कैलाश सिन्हा, रातेश्वर नेताम,दुर्गा सेन,यमन सिन्हा, सतीश जांगड़े, भेपेंद्र कंवर, लकी निर्मलकर ,राजा खान सहित कांग्रेसी जन उपस्थित थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता संतोस इंजीनियर ने सामरी विधानसभा से पेश की अपनी दावेदारी

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।





छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं से दावेदारी प्रस्तुत करने के लिये 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कर माध्यम से आवेदन मांगा गया है इसी तारतम्य में सामरी पाठ टाटीझरिया के पूर्व सरपंच व आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव संतोष इंजीनियर ने सामरी विधानसभा 08, से अपनी दावेदारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुसमी, शंकरगढ़ और राजपुर को अपने समर्थकों के साथ प्रस्तुत किया है। संतोष इंजीनियर विगत 18 वर्षों से एन जी ओ और जन सगठनों के साथ मिलकर जल जंगल और जमीन के सुरक्षा एवं संवर्धन का कार्य किया है। आदिवासी,दलित, महिला तथा हासिये पे खड़े लोगों के हक और हुकूक की आवाज उठाते रहे हैं, खासकर युवा वर्ग को राजनीति से जोड़ने तथा उनके नेतृत्व प्रदान करने के लिये उन्हें विशेष तौर पर जाना जाता है।

# पत्थलगांव जिला बनाने को लेकर युवा मोर्चा ने भूपेश सरकार विधायक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नाम लॉलीपॉप बांटा

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।




जशपुर के पत्थलगांव में इन दिनों जिला बनाने को लेकर जैसे-जैसे चुनावी मैदान नजदीक आ रहे हैं ठिक वैसे वैसे राजनितिक आंच भारी जोरो से गर्माया है और छोटे बड़े नेताओं के पसीने छूटने लगे हैं। तो वहीं विपक्ष के युवा मोर्चा पार्टी ने भी खुलकर पत्थलगांव को जिला बनाने को भुपेश सरकार पर वादा खिलापी का आरोप लगाया और अजीबो गरीब अंदाज में लॉलीपॉप बाटकर लोगों को यह संदेश दिया है कि भपेश सरकार ने जशपुर जिला के पत्थलगांव के भोले-भाले जनता को लोलीपॉप खिलाकर बच्चों के जैसे ठगने के काम किया हैं सरकार ने पत्थलगांव को जिला बनाने के वायदे किए थे। लेकीन पांच साल गुजरने को हैं और जिला बनने के असार बिल्कुल नहीं नजर आ रहे हैं जिसे याद दिलाने युवा मोर्चा ने पत्थलगांव शहर में कांग्रेस कार्यक्रता और स्थानीय ग्रामीण को भूपेश बघेल और रामपुकार सिंह लॉलीपॉप नाम का चॉकलेट बाटा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा की 2018 के चुनाव में विधायक सिंह ने पत्थलगांव क्षेत्र के आम जनता को कहा था कि विधायक बना और हमारी सरकार बनी तो सवर्प्रथम पत्थलगांव को जिला की सौगात मिलेगी पर आज तक पत्थलगांव जिला नही सका। गुप्ता ने कहा की जिला बनाने के नाम पर विधायक सिंह ने पत्थलगांव साहित जनता को ठगने का काम किया है। वहीं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा कि पत्थलगांव की अगर जिला नही बन सका तो जनता इस बार इन्हें सबक सिखायेगी और कांग्रेस को चुनाव में इसका जवाब जरूर देगी।इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा पत्थलगांव शहर मण्डल ग्रामीण तथा आम जन काफी संख्या में मौजूद रहे तथा उनका कहना है की हम पार्टी किसी से भी हो पर पत्थलगांव को जिला बनाने के लिए एक मंच एक बैनर तले आज के तरह सदैव खड़े नजर आयेंगे। क्योंकि बाजी जीत हार जंग के नही अपितू हमारे गांव के मानसम्मान स्वाभिमान की है। ये आवाज फरियाद की नहीं अपने हक की है।

# भू-माफिया का नाले पर कब्जा, खेतों में भरा पानी क्षति पूर्ति के लिए कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

## किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में गांव के किसान कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोरला में खेतों में पानी भरने से फसल को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्र के किसान मंगलवार को बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में प्रभावित किसान कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी परेशानी से अवगत कराएंगे। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि गांव के नाले पर भू-माफिया के अवैध कब्जे से किसानों के खेतों में पानी भर रहा है। जिससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रशासन से बार-बार आग्रह किया जाने के बावजूद भू-माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस संबंध में तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी। किसानों ने बताया कि भू-माफिया के द्वारा नाले में कब्जा करने के कारण खेतों में 5 से 6 फीट पानी भरने से फसल चौपट हो रही है। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद कोई अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। किसान नेता के नेतृत्व में किसानों के साथ मिलकर फिर एक बार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।



# खम्हरिया में 40 वर्ष पूर्व जमीन का अधिग्रहण, अब बेदखली का प्रयास : किसान सभा ने किया विरोध

## जमीन वापसी के साथ कृषि कार्य पर लगी रोक हटाने की मांग

**कोरबा** । एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में 40 वर्ष पूर्व जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन प्रभावित किसान परिवारों को न तो मुआवजा मिला और ना ही उन्हें पुनर्वास की सुविधा दी गई और कई रोजगार प्रकरण आज भी लंबित हैं। कई पीढ़ियों से किसान आज भी अपनी जमीन पर काबिज हैं और खेती किसानी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। अब एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन जबरन उन्हें बेदखल करने का प्रयास कर रही है। अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा ने इस बेदखली के प्रयास का विरोध करते हुए किसानों के साथ अन्यायपूर्ण कार्यवाही बताया और किसानों की जमीन मूल किसानों के नाम वापस करने के साथ कृषि कार्य पर लगाए गए रोक को तत्काल हटाने की मांग की है। इस संबंध में एक ज्ञापन कुसमुंडा महाप्रबंधक को सौंपा गया है। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को भी देकर उचित हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

# कांग्रेस से विस चुनाव टिकट के लिए सामरी विधानसभा से प्रत्याशियों की लगी होड़

## *ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया आवेदन*



जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस मे टिकट वितरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद सभी विधानसभा सभा में टिकट का दावा करने वालों कि होड़ लग गई हैं। विधानसभा सामरी के भी टिकट के दावेदारों ने कांग्रेस पार्टी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना शुरू कर दिया है। आवेदन प्रस्तुत करने के दौरान उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस के नेता बहादुर राम से भी मार्गदर्शन लिया तथा उनसे सहयोग की अपेक्षा जताई है। जानकारी के अनुसार पहले चरण में पार्टी ने टिकट के दावेदारों से आवेदन आमंत्रित किया है। कांग्रेस से विधानसभा सीट के लिए टिकट की इच्छा रखने वालों को आवेदन के साथ पार्टी कि सवालों का जवाब दिया जाना हैं।

सामरी विधानसभा 08 की सीट पर वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के विधायक में चिंतामणि सिंह काबिज हैं। उनकी काबिज सीट पर कांग्रेस पार्टी के कुसमी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश मिश्रा के समक्ष शनिवार को अपनी-अपनी दावेदारी पेश करते हुवें आवेदन प्रस्तुत किया हैं अभी तक के मिले आवेदन में कुल सात दावेदारों ने कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग की है।



आमआदमी पार्टी ने किया गारंटी कार्ड जारी

# कार्यकर्ताओं के बीच ऊर्जा भरकर और प्रदेश की जनता को एक नई व्यवस्था के साथ सरकार चलाने की उद्घोषणा की गई

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



रायपुर के जैनम मानस भवन में आज केजरीवाल, भगवत मान साहब, संदीप पाठक, एवं संजीव झा, की उपस्थिति में हुई जिसमें गारंटी कार्ड मैं दिए हुए मुद्दों पर बात एवं चर्चा की गई। जैसे बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, संबंधित सेवाएं रोजगार संविधान को नियुक्ति के विषयों पर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री दिल्ली एवं भागवत मान साहब मुख्यमंत्री पंजाब ने चर्चा किया आगामी विधानसभा जो छत्तीसगढ़ का होने वाला है। उसमें इनके गारंटी कार्ड को लेकर पार्टी और कार्यकर्ताओं के बीच एक ऊर्जा भरकर और प्रदेश की जनता को एक नई व्यवस्था के साथ सरकार चलाने की उद्घोषणा की गई जिसमें कहे गए शब्दों पर बलरामपुर जिला के जिला अध्यक्ष बलरामपुर इंद्रदेव नाग, एवं जिला सचिव शकील, अख्तर जिला उपाध्यक्ष जफर खान, जिला अल्पसंख्यक, सचिव कादरी रजा, एसटी विंग के सह सचिव मनीष राम इक्का, ब्लॉक अध्यक्ष देव गणेश टेकाम टांगर बाबा, एवं अन्य साथी उपस्थित थे। जिस पर जिलाध्यक्ष के वाणी से विधानसभा और जिले को एक नई ऊर्जा प्राप्त होगी। और निश्चित तौर पर हम सामरी विधानसभा और रामानुजगंज, विधानसभा में एक नई जीत का परचम लहराएंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बिलाईगढ़ (अ), जनपद पंचायत बरमकेला जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**-:ओपन ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-**

ग्राम पंचायत बिलाईगढ़ (अ) में माध्यमिक शाला में स्मार्ट क्लास हेतु सामाग्री क्रय हेतु ओपन निविदा सामाग्री क्रय हेतु।

| क्रमांक | ओपन निविदा | जिला पंचायत पत्र क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2091 | 4769 | स्मार्ट क्लास माध्यमिक शाला बिलाईगढ़ (अ) | 4.68 लाख | कोटेशन के आधर पर मान्य होगा |

नोट:- 1. अपना कोटेशन बंद लिफाफा में मान्य होगा।

2. निविदा जारी दिनांक के 7 दिन के भीतर ही मान्य होगा दिनांक 21/08/2023 से 28/08/2023 तक मान्या होगा।

**सचिव**
ग्राम पंचायत बिलाईगढ़ (अ)
जनपद पंचायत बरमकेला
जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

ई-कोर्ट क्रमांक: 202308042200040/ अ-02/2022-2023

साकिन-बायसी कालोनी, प.ह.न. 36, रा.नि.मं.- धरमजयगढ़

एतद् द्वारा सर्व नागरिक, बायसी कालोनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक विश्वास पिता निरोद विश्वास, जाति- नमोशुद्र, निवासी ग्राम-धरमजयगढ़ कालोनी, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत् ग्राम-बायसी कालोनी, प.ह.न. 36, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में खसरा नं. 96/1 रकबा 0.931 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर मुर्गा फार्म सह गोदाम दुकान निर्माण करने के लिए व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश पारित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04/09/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

(सील) **अनुविभागीय** अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

ई-कोर्ट क्रमांक: 202308042200041/ अ-02/2022-2023

**साकिन-बायसी कालोनी, प.ह.न. 36, रा.नि.मं.-धरमजयगढ़**

एतद् द्वारा सर्व नागरिक बायसी कालोनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम चन्द्र विश्वास पिता सुभाष विश्वास, जाति- नमोशुद्र, निवासी ग्राम-बायसी कालोनी, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत् ग्राम-बायसी कालोनी, प.ह.न. 36, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में खसरा नं. 208/5 रकबा 0.0610 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर दुकान निर्माण करने के लिए व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश पारित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04/09/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

(सील) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

ई-कोर्ट क्रमांक: 202308042200042/ अ-02/2022-2023

साकिन-बायसी कालोनी, प.ह.न. 36, रा.नि.मं.- धरमजयगढ़

एतद् द्वारा सर्व नागरिक, बायसी कालोनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश वर्कदवास पिता शिवपद वर्कदवास, जाति-क्षत्रिय, निवासी ग्राम-बायसी कालोनी, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत् ग्राम-बायसी कालोनी, प.ह.न. 36, तहसील-धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में खसरा नं. 208/6 रकबा 0.0410 हे. भूमि का दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर मुर्गा फार्म सह गोदाम दुकान निर्माण करने के लिए व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश पारित कर पुनर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04/09/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

(सील) **अनुविभागीय** अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़

आयोग ने आवेदिका को पगड़ी का तीस हजार रूपये नगद दिलाया

# दिव्यांगजनों के साथ अधिकारी-कर्मचारी सम्मानजनक व्यवहार रखें-डॉ.नायक

## सामाजिक बहिष्कार करने वालों के खिलाफ आयोग ने की एफआईआर की अनुशंसा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




महिलाओं के सामाजिक बहिष्कार वापस नही लेने वालों के खिलाफ अब थाने में एफआईआर भी दर्ज होगा। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने सामाजिक बहिष्कार के एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए धारा 7 के तहत सभी अनावेदकगण के विरूद्ध थाना बलौदाबाजार में अपराध दर्ज करने की अनुशंसा की ताकि समाज में किसी भी तरह का समाजिक बहिष्कार पर स्थाई रूप से रोक लगाई जा सके। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में सोमवार को प्रदेश स्तर में 208वीं एवं जिला स्तर में 5वीं नम्बर की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान आयोग की सदस्य डॉ अनिता रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सुनवाई में कुल 41 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 22 प्रकरण नस्तीबद्ध हुए, 06 प्रकरण रायपुर स्थानांतरण किया गया एवं 01 प्रकरण डीएसपी बलौदाबाजार को जांच हेतु दिया गया। प्रकरण के दौरान आवेदिका ने बताया कि मामला सामाजिक बहिष्कार का है और उसे समाज से छोड़ दिया गया है। आयोग द्वारा कुछ अनावेदकगणों की उपस्थिति के कारण प्रकरण रायपुर सुनवाई के लिए रखा गया। अगले सुनवाई में मुख्य अनावेदक और सामाजिक पदाधिकारियों को बुलाकर रायपुर में सुनवाई की जायेगी। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा सामाजिक बहिष्कार का शिकायत दर्ज कराया गया था। जिसमें पूर्व में सुनवाई के दौरान अनावेदकगणों ने समाज में मिलाने की बात आयोग की सुनवाई के दौरान कबूल किया था जिसमें आयोग द्वारा टीम का गठन किया गया था। जिसमें जिला सरंक्षण अधिकारी एवं सखी केन्द्र प्रशासक को उभय पक्ष के गांव भेजा गया था जिसमें मौके पर जाकर 20 सितंबर 2022 को प्रक्रिया का निष्पादन करना था। लेकिन अनावेदक सरपंच के द्वारा कार्यवाही में व्यवधान डाला गया और सखी केन्द्र प्रशासक और संरक्षण अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया और हस्ताक्षर करने से मना किया गया। सामाजिक बहिष्कार करने की घोषणा गांव में नही करेंगे इस पूरे प्रकरण में सरपंच, पंच एवं अन्य 06 अनावेदकगणों के द्वारा व्यवधान डाला गया और आवेदिका का सामाजिक बहिष्कार समाप्त नहीं किया गया। सामाजिक बहिष्कार धारा 7 नागरिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम के तहत भारतीय दण्ड सहिंता में अपराध की श्रेणी में आता है। आवेदिका को संवैधानिक अधिकार से अनावेदकगण द्वारा विरक्त किया जा रहा था। श्धारा 7 के तहत सभी अनावेदकगण के विरूद्ध थाना बलौदाबाजार में अपराध दर्ज करने के लिए आयोग ने अनुशंसा की ताकि समाज में किसी भी तरह का समाजिक बहिष्कार पर स्थाई रूप से रोक लगाई जा सके। अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा मानसिक प्रताड़ना का प्रकरण प्रस्तुत किया गया था आवेदिका 90 प्रतिशत विकलांग है एवं कृषि विभाग में सहायक साख्यिकी के पद में लगभग 07.08 साल से कार्यरत हैं। उनकी दिव्यांगता के कारण कई कार्य जैसे तेजी से चलना, सारी फाईले हाथ में उठाना सामान्य लोगों की तरह नहीं कर सकती हैं। लेकिन इसके बाउजूद सामान्य व्यक्ति की तरह अपनी जिम्मेदारी पूरा करती हैं। अनावेदक शिकायत के समय प्रभारी उपसंचालक कृषि के पद पर पदस्थ थे उनके द्वारा शासकीय कार्यो का विभाजन किया गया था जिसमें आवेदिका को असुविधा हो रही थी। शासकीय कार्य के मीटिंग के दौरान कही गई बातों से आवेदिका को ऐसा लगा कि केवल उसे टारगेट कर सारी बाती कही गई है। उभय पक्ष को विस्तार से सुनने के बाद आयोग द्वारा समझाईस दिये जाने पर अनावेदक ने आवेदिका के प्रति हुए व्यवहार के प्रति खेद व्यक्त किया। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा कहा गया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस प्रकरण के माध्यम से समझाईश दिया जाता है कि दिव्यांग कर्मचारियों के साथ संवेदन शीलता के साथ पेश आये ताकि वो समाज की मुख्य धारा के साथ आत्मसम्मान के साथ अपने कार्य को कर सके।

अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति ने दुकान मालिक का दुकान किराये पर लिया है जिसमें किराये की दुकान का पगड़ी की राशि वापस लेने प्रकरण प्रस्तुत किया था। अनावेदक पक्ष ने उसकी दुकान के सामने लकड़ी के गठ्ठे का ढेर लगा रखा है और वो दुकान भी नहीं लगा पा रही है। इसके कारण 02 वर्ष से अधिक समय तक आवेदिका दुकान का उपयोग नहीं कर पा रही है जिसमें उसका कॉस्मेटिक समान रखे रखे खराब हो चुका है।

अनावेदक ने प्रस्ताव रखा कि वे 30000 आवेदिका को देने तैयार है उसे दुकान को खाली करा कर कब्जा दिला दिया जाये अनावेदक के प्रस्ताव पर आवेदिका ने सहमति जताई। आयोग के समक्ष अनावेदक ने आवेदिका को नगद 30000 रूपये दिये।आयोग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारीए संरक्षण अधिकारीए सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी एवं पुलिस के टीम का गठन किया जो शनिवार दोपहर 12रू00 बजे दुकान का ताला खोलेंगे और सामान खाली कराकर ताला लगाकार अनावेदक को सौंपेंगे जिसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा।

अन्य प्रकरण में आवेदिका अपने पति की मृत्यु हो जाने के बाद ससुराल से भरन.पोषण का शिकायत दर्ज कराई थी। अनावेदक सीएसपीडीसीएल पलारी में लाईन मेन के पद पर कार्यरत् अनावेदक को 93 हजार रूपये वेतन मिलता हैए ओवेदिका का पति अनावेदक का बड़ा बेटा था जिसके दो बच्चे 11वीं एवं 8वीं पढ़ते है अनावेदक अपना पुरा सम्पत्ति बेच रहा है और दूसरी शादी कर चुका है। आवेदिका का सम्पत्ति में कोई हक नहीं दे रहा है। आयोग ने समझाईश दी आवेदिका को अधिकार है कि वह अपने बच्चों की सम्पत्ति में हक व अधिकार पाने के लिए कार्यवाही कर सकती है। इस हेतु अनावेदक के कार्यालय में पत्र लिखा जाकर उसके नाबालिक बच्चें के लिए भरन.पोषण का अधिकार रखती है और अनावेदक की सम्पत्ति में बिक्री करने पर रोक लगा सकती है। इस हेतु आयोग द्वारा दोनो विभागों को पत्र भेजा जायेगा।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका की बेटी जो अनावेदक की पत्नी है जिसकी दुर्घटना हो जाने के बाद 18 दिनों तक इलाज चलने के बाद मृत्यु हो गई जिसमें गाडी चालक के खिलाफ थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया और अब तक दोनों पक्षों ने क्लेम नहीं किया है। अनावेदक ने अब तक शादी का समान नहीं दिया। अनावेदक रविवार 27 अगस्त को आवेदिका के घर जाकर शादी का पूरा सामान वापस करेगा। आवेदक गांव के सरपंच की उपस्थिति में सूची अनुसार सामान देकर आवेदिका पक्ष से उसकी पावती लेगा। पावती आयोग में जमा होने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा अपनी पुत्री की गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट थाने में हो चुका है 03 माह से बेटी नहीं मिली है। इस प्रकरण की जानकारी डीएण्एसण्पीण् बलीदबाजार को दिया गया तथा 02 माह का समय दिया गया। गुम लड़की के बरामदगी के लिए प्रयास कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने आयोग द्वारा निर्देशित किया गया।

एक नजर

## प्रोत्साहन राशि तथा कुष्ठ अभियान की राशि नहीं मिली,शहरी मितानिनों ने दिया आवेदन



जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में मितानिनों का झुंड कलेक्टर दफ्तर में भी दिखाई दिया तथा आज शहरी मितानिनों के द्वारा भी भाटापारा खंड चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मितानिन को कहा गया कि उन्हें जून माह की जो प्रोत्साहन राशि मिलती है वह अभी तक नहीं मिल पाई है तथा कुष्ठ अभियान कि जो राशि है वह भी उसे नहीं मिल पाई है जिससे आज के दिनांक में पूरे मितानिनों को आर्थिक स्थिति से गुजरना पड़ रहा है और बिना पैसे के आज के दिनांक पर कोई भी कार्य संभव नहीं है इस हेतु आज निवेदन करते हुए आवेदन के माध्यम से खंड चिकित्सा अधिकारी तथा उच्च अधिकारियों को ध्यान दिलाया गया ताकि उनकी जो यह आवेदन की मांग है वह पूरी हो सके।

## दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचा भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ नगर पंचायत के टाउन हॉल शंकर नगर पारा के निवासी स्व गेंदलाल राजपूत का शनिवार को दशगात्र कार्यक्रम हुई जिसमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर जगजीवन खरे ने स्व गेंदलाल राजपूत के दशगात्र स्थल पहुंचकर पुष्प अर्पित कर निधन आत्मा के लिए प्रार्थना कर नमन की और उनके पुत्र किशोर राजपूत व परिजनों से डॉ. खरे ने मुलाकात की।

## ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना खम्हरिया पुलिस स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्र. 135/18, धारा 379,34 भादवि एवं प्रकरण क्रमांक 256/22 धारा 403 भादवि के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी रूपचंद साहू पिता आत्माराम साहू उम्र 23 साल साकिन दर्री थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को आज दिनांक 21 अगस्त 2023 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि सुरेश राजपूत, आरक्षक तोरण डहरिया एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# पूर्व पीएम राजीव गांधी की कांग्रेसियों ने मनाई जयंती

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा राजीव गांधी के कारण ही 18 साल के युवाओं को मिला मतदान करने का अधिकार

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



ब्लॉक कांग्रेस केमटी अध्यक्ष हरिश मिश्रा के नेतृत्व में कुसमी अस्थायी कार्यालय बहादुर राम के निवास में राजीव गांधी की जयंती मनाया गया। जहां कांग्रेस के खुटा कहे जाने वाले बहादुर राम व ब्लॉक अध्यक्ष हरिश मिश्रा ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। व सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मिठाई भी बांटी गयी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने थे। और दुनिया के उन राजनेताओं में से एक थे जिन्होंने भारत जैसे युवा देश में सरकार का कुशल नेतृत्व किया। राजीव गांधी ने इस महान विरासत को आगे बढ़ाया जो उनके नाना और उनकी मां इंदिरा गांधी जी छोड़ कर गई थी उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायती राज का गठन किया संचार क्रांति को तेजी से आगे बढ़ाया, आज का युवा उनको अपना आदर्श मानता है, उनकी जयंती को पूरा देश सद्भावना दिवस के रूप में मना रहा है। स्वर्गीय राजीव गांधी की आधुनिक सोच एवं निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता थी उन्होंने युवाओं को वोट देने का अधिकार भी दिया। जयंती के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस बहादुर राम, राजेंद भगत, सुरजदेव, आरिफ खान, रघुवंस यादव, नगर पंचायत एल्डरमैन सुशील दुबे, आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव संतोष इंजीनियर, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष संकल्प भगत, विधानसभा महासचिव वेदांत भारती, सोशल मीडिया के आईटी सेल जिला उपाध्यक्ष सद्दाम खान, एनएसयूआई के दीपक तिवारी, युवा नेता ओसामा आलम, सुहैल आलम, याकूब खान, पूर्व छात्र नेता अफ रोज अलाम राजू, जसीम खान, रामेश्वर कुजूर, सचिन कुजूर, व अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के रीति नीति से खुश हो कर सैकड़ों कार्यकर्ता ने जिला पंचायत सदस्य व भाजयुमो प्रदेश मंत्री अंकुश सिंह के नेतृत्व में थामा भाजपा का दामन



जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

सामरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टाटीझरिया में आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय जिला पंचायत सदस्य सह प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अंकुश सिंह के नेतृत्व में आज 70 की संख्या में युवा साथी सहित महिलाओं ने नरेंद्र मोदी के कामों व भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

अंकुश सिंह द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को गमछा पहनाकर भाजपा के सदस्यता दिलाई गई। उपस्थित सभी महिलाओं एवं युवाओं ने एक जुट होकर अगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया साथ ही साथ उन्होंने स्थानीय जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह को यह भरोसा दिलाया की आने वाले समय में पार्टी में और भी लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य सह प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अंकुश सिंह, नगर अध्यक्ष अभय गुप्ता ग्राम टाटीझरिया सरपंच संतोषी सिंह उपसरपंच महेंद्र यादव, संतोष यादव पंच महेश, बिटुदेवी, देवराज राम, मोहन राम उपस्थित थे।

## चिर्रा के रीपा में स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

* उद्यमिता एवं कौशल विकास की मिली प्रेरणा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना रीपा रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क अंतर्गत ग्राम चिर्रा में स्थापित रीपा में शासकीय हाई स्कूल चिर्रा के 60 छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने रीपा में संचालित विविध आर्थिक गतिविधियों से रूबरू हुए। इस भ्रमण से बच्चों को उद्यमिता एवं कौशल विकास की प्रेरणा मिली। साथ ही गांव में इस प्रकार के कार्य को देखकर बच्चों में उत्साह बढ़ा तथा भविष्य में उद्यमी बनने हेतु आवश्यक चीजों के आंकलन करने में बच्चों के जिज्ञासा भी देखने को मिली। रीपा में हल्दी, मिर्च, मसाला, धान प्रसंस्करण इकाई, चप्पल निर्माण, दोना पत्तल, इकाईयों के संचालन को बच्चों ने देखा व गोबर पेंट इकाई व फ्लाई एश ब्रिक्स इकाई को देखकर खुश हुए। रीपा मैनेजर सुश्री ललिता राठिया ने स्कूली बच्चों को रीपा में संचालित आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ स्कूल शिक्षक, शिक्षिका, ग्राम पंचायत सचिव व संचालनकर्ता समूह के सदस्य व युवा शामिल हुए।



# तुलसी वर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी बनने के लिए दिया आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।






छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नियमानुसार कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा ने बलौदाबाजार विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाने हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलौदाबाजार शहर, ग्रामीण व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तिल्दा शहर, ग्रामीण को विधिवत अपना आवेदन पत्र दिया।


अपना आवेदन पत्र देते हुए तुलसीराम वर्मा ने कहा कि सन 1992 से लेकर अभी तक लगातार कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित एवं निष्ठा पूर्वक बिना जाति धर्म में भेदभाव किए कांग्रेस पार्टी की सेवा में समर्पित रहा हूं इस बीच बुथ सेक्टर जोन अध्यक्ष के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष, बलौदा बाजार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रथम प्रभारी महामंत्री के साथ ही तीन कार्यकाल तक बलौदा बाजार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष के रूप में सेवा देते हुए वर्तमान में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र के किसानों की सेवा में समर्पित हूं निर्वाचित पदों में पंच, उपसरपंच जनपद सदस्य, सभापति जनपद पंचायत जैसे पद पर भी रहकर क्षेत्र की जनता के सेवा में लगातार कार्य कर रहा हुं अगर कांग्रेस पार्टी मुझ पर विश्वास कर विधानसभा चुनाव की उम्मीदवार के रूप में चयन करता है तो निश्चित तौर पर बलौदाबाजार विधानसभा से चुनाव जीताने में श्रेत्र की जनता जनार्दन की आशिर्वाद मुझे जरूर प्राप्त होगा क्योंकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितैषी कार्यो के चलते छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस पार्टी और छत्तीसगढ़ के किसान मजदूर सहित आम जनता 75 पार के लिए तैयार है।

# विधानसभा क्षेत्र के युवाओं ने सैनिक रामकुमार टोप्पो को चिट्ठी लिखकर विधानसभा क्षेत्र में विधायक पद पर खड़े होने के लिए किया अनुरोध

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

**छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव आने वाला है जिसको लेकर सीतापुर विधानसभा में चुनावी सरगर्मियां काफ ी तेज हो चुकी हर राजनीतिक पार्टी अपने पार्टी और उम्मीदवार को जिताने के लिए जितोड़ मेहनत करने पर जुट गई।**





वही आपको बता दें कि सीतापुर विधानसभा में पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस के विधायक अमरजीत भगत जीतते आ रहे। और इस कार्यकाल में उनको मंत्री का पद भी छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिया गया है। परंतु सीतापुर विधानसभा क्षेत्र का युवा एक अलग ही राग अलाप रहा है,वह किसी राजनीतिक पार्टी या किसी राजनीतिक व्यक्ति को उम्मीदवार के रूप में ना देख कर एक देश की सेवा करने वाले सैनिक के ऊपर भरोसा करते हुए उसे विधानसभा चुनाव में एक उम्मीदवार के रूप में देखना चाहते हैं। इसी तारतम्य में आज तकरीबन 100 से ऊपर की संख्या में युवा सीतापुर पोस्ट ऑफि स पहुंचे, और देश के सैनिक व क्षेत्रीय निवासी रामकुमार टोप्पो को चिट्ठी लिखकर उनसे अनुरोध किया गया है कि वह इस बार के विधानसभा चुनाव में एक उम्मीदवार के रूप में खड़े हो और चुनाव जीत कर क्षेत्र की समस्याओं को खत्म करने का प्रयास करें युवाओं का कहना है कि राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार चुनाव जीतकर आते तो हैं परंतु क्षेत्र की जो समस्याएं हैं उनको उनके द्वारा खत्म नहीं किया जाता है।

हमारा क्षेत्र अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। और इन समस्याओं को रामकुमार जैसा सैनिक ही समाप्त कर सकता है। इसलिए हमलोगों ने उनसे चिट्ठी के माध्यम से अनुरोध किया है कि वह इस बार के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के रूप में खड़े हो और हम उनका भरपूर साथ देकर उनको चुनाव जिताएंगे और वह चुनाव जीतकर क्षेत्र की समस्याओं से वह हमें निजात दिलाई।

वही आपको बता दें कि सैनिक राम कुमार टोप्पो इस वक्त ड्यूटी पर बाहर है, क्षेत्र के युवाओं के अनुरोध का वह क्या जवाब देंगे वह तो आने वाला वक्त ही बतलाएगा। परंतु क्षेत्र के युवाओं का इस तरह का कार्य एक नए सवाल को खड़ा जरूर करता है किए,जो जिम्मेदार है वह क्या वाकई में अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे।

# मेरी दावेदार रायगढ़ की जनता, अवसर मिला तो जरुर चुनाव लड़ूंगा -डॉ.मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





चिकित्सकीय पेशा वैसे भी जनसेवा का सबसे पुनीत पेशा है और इसे सेवाभाव से विगत चार दशकों से निभाता आ रहा हूं। फिर भी जनमानस की उम्मीदों के अनुरुप यदि पार्टी अवसर देती है तो चुनाव मे उतरने से कोई गुरेज नहीं है। जीवन का उद्देश्य सेवा है फिर वह किसी भी रुप में हो। उक्त विचार नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक व स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी डॉ.प्रकाश मिश्रा ने ऐसे वक्त में व्यक्त किये हैं जब विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण मे है। बतौर स्वयंसेवक सदस्य डॉ.मिश्रा लंबे समय से संघ की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं वहीं डाक्टरी पेशे को लेकर भी उनकी सेवा भावना एक मिसाल बनी हुई है। यही वजह है कि भाजपा के आग्रह पर संघ की सदस्यता लेने के बाद से ही बीजेपी मे सर्वमान्य चेहरे की चली आ रही मांग डॉ.प्रकाश मिश्रा के नाम पर खत्म हो गई। भाजपा के तमाम कार्यकर्ता चुनाव के पहले से डॉ. प्रकाश मिश्रा को रायगढ़ विधानसभा का प्रत्याशी बनाने की मांग करते आ रहे हैं। एक स्वच्छ,धवल छवि के व्यक्तित्व डॉ मिश्रा को जिले के सर्वाधिक कोलता व उत्कल मतदाताओं समेत सभी वर्गों का स्वमेव समर्थन भी सहज हासिल है। ऐसे मे अब जनता जिनकी दावेदारी को लेकर उत्सुक है उन डॉ.प्रकाश मिश्रा की उम्मीदवारी पर भाजपा चुनाव समिति को विचार करना है क्योंकि डॉ. प्रकाश मिश्रा ने स्पष्ट कर दिया है कि वे जनता की सेवा किसी भी रुप मे करने को तैयार हैं। वहीं टिकट की दौड़ में नाम शामिल होने की बात पर डॉ.मिश्रा ने कहा कि वे व्यक्तिगत तौर पर प्रतिस्पर्धा में नहीं हैं किंतु उनकी तरफ से जनता टिकट की दौड़ में है। संघ का जो भी आदेश होगा उसे वह स्वीकार करेंगें। उपरोक्त तमाम राजनैतिक चर्चा डॉ.मिश्रा व सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रशांत मिश्रा की माताश्री स्व. नलिनी मिश्रा के वार्षिक श्राद्ध के मौके पर सोमवार को बंशीवट मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान पत्रकारों से चर्चा के बाद सामने आई। माता नलिनी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने बंशीवट में जिला एवं सत्र न्यायालय पूरी टीम,डॉ.ज्योत्सना मिश्रा लोकेश कुमार मिश्रा,डीआईजी रामगोपाल गर्ग,वरिष्ठ साहित्यकार प्रभात त्रिपाठी, बालू त्रिपाठी,मशहूर चिकित्सक व रायगढ़ की मिनीमाता से सुशोभित डॉ.सुचित्रा त्रिपाठी,एसडीएम गगन शर्मा,डीएसपी ट्रैफि क सुशांतो बनर्जी समेत प्रशासनिक अफ सर व नगर के तमाम गणमान्य जन शामिल हुए। विदित हो कि छग में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके लिए सभी दलों मे जीताऊ उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। रायगढ़ विधानसभा से भी बीजेपी के जिन चेहरों को प्रबल दावेदारों में जगह मिली है उनमे ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ.प्रकाश मिश्रा का नाम भी टाप 2 में शामिल बताया जा रहा है। वहीं अब यह सवाल भी शहर में चर्चित हो चला है कि आखिर जनता जिनकी दावेदारी को उत्सुक है उन डॉ.प्रकाश मिश्रा के नाम के एलान में विलंब क्यों।

# छाल खुली खदान में 26 से अनिश्चित कालीन आर्थिक नाकेबंदी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।


ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरमजयगढ़

रितुराज सिंह ठाकुर

अध्यक्ष

निवास : मु.पो.-छाल, जिला-रायगढ़(छ.ग.)

Mob.-07389625302, 07067246295

Email : riturajsinghthakur63420@gmail.com

rituraj.rst@gmail.com

क्र. ......

दिनांक 20.08.23

प्रति,

श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)

धरमजयगढ़, जिला-रायगढ़(छ.ग.)

विषय-दिनांक 26/08/2023 से एसईसीएल की छाल खुली खदान में अनिश्चित कालीन आर्थिक नाकेबंदी करने के संबंध में ।

महोदय,

सादर निवेदन है कि एसईसीएल की छाल खुली खदान में कोयला परिवहन में लगे वाहनों की वजह से रोजाना धरमजयगढ़-खरसिया मुख्य मार्ग बाधित रहता है ओर सड़क जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है जिसके कारण राहगीरों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है पूर्व में भी इस समस्या के लिये कई बार आंदोलन किया जा चुका है परन्तु एसईसीएल द्वारा कभी इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया पूर्व में मेरे द्वारा 08/08/2023 को पत्र लिखकर 07 दिवस में इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया गया था परन्तु आज 12 दिन बीत जाने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया सड़क जाम की स्थिति अभी भी जस की तस बनी हुई है, सड़क जाम में स्कूली छात्र, एम्बुलेंस, रोजाना ड्यूटी आने-जाने वाले एवं राहगीरों का कई-कई घण्टे तक जाम में फंसे रहना पड़ता है और अब स्थानीय लोगों व राहगीरों का धैर्य जवाब दे चुका है ।

अतः दिनांक 26/08/2023 को सुबह 10:00 बजे से एसईसीएल की छाल खुली खदान में तब तक अनिश्चित कालीन आर्थिक नाकेबंदी की जायेगी जब-तक एसईसीएल द्वारा इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं कर दिया जाता ।

सादर सूचनार्थ प्रेषित है-

प्रतिलिपि -

1. मान. लालजीत सिंह राठिया जी, विधायक धरमजयगढ़ ।
2. श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस), खरसिया ।
3. श्रीमान् उपक्षेत्रीय प्रबंधक, एसईसीएल छाल उपक्षेत्र ।
3. श्रीमान् थाना प्रभारी, थाना छाल ।
4. जिला ट्रेलर मालिक कल्याण संघ, ईकाई छाल ।
5. समस्त जनप्रतिनिधि गण, छाल क्षेत्र ।

भवदीय



एसईसीएल की छाल खुली खदान में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जावेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरमजयगढ़ अध्यक्ष ऋतुराजसिंह द्वारा पत्र के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ को सूचनार्थ किया गया है कि 26 अगस्त से आर्थिक नाकेबंदी की जावेगी। पत्र में कहा गया है कि खुली खदान में कोयला परिवहन में लगे वाहनों की वजह से रोजाना धरमजयगढ़ और खरसिया मुख्य मार्ग बाधित रहता है और सड़क जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है। जिसके कारण राहगीरों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। पूर्व में भी इस समस्या के लिए कई बार आंदोलन किया जा चुका है परंतु इससे द्वारा अमित तक समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया। पूर्व में मेरे द्वारा 8 अगस्त को पत्र लिखकर साथ दिवस में इस समस्या का समाधान करने का आगरा किया गया था परंतु आज 12 दिन भी जाने के बाद भी इसे प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया। सड़क जाम की स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़क जाम में स्कूली छात्र, एंबुलेंस, रोजाना ड्यूटी आने जाने वाले एवं राहगीरों को कई कई घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है और अब स्थानीय लोगों व राहगीरों का धैर्य जवाब दे चुका है। जिसके लिए 26 अगस्त को सुबह 10 बजे से एसएससी की चार खली का धाम में तब तक अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी जब तक सीसीएल द्वारा की समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं किया जाता।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बच्ची के आंख की इलाज के लिए चिरायु टीम को निर्देश दिया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।




कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने जनदर्शन में आए नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन करके और आवेदनों में निराकरण के लिए लिखित निर्देश दिया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम भोथिडीह के श्यामलाल टंडन ने अपनी पुत्री नेहा टंडन की इलाज डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से कराने के लिए निवेदन किया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम बरभांठा के अक्षय जांगड़े ने अपनी 2 वर्षीय पुत्री के बायां आंख से जन्मजात दिखाई नहीं देने विकृति के इलाज कराने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के निर्देश पर जिले के चिरायु टीम को बच्ची की जानकारी आधार कार्ड सहित भेजी गई है। इसी प्रकार ग्राम दुर्गापाली के दिव्यांग जगदीश राम खुंटे ने उनको विगत वर्ष आवंटित ट्रायसायकल को प्रदान करने के लिए आवेदन किया, तब कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को कोसीर में 24 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में मेरे सामने ट्रायसायकल प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने प्रसूति अवकाश का लाभ के लिए प्राप्त आवेदन के निराकरण के लिए श्रम अधिकारी को निर्देश दिया। जनदर्शन के अन्य आवेदनों में प्राकृतिक आपदा आग से घर का सामान जलने का मुआवजा, विद्युत करंट से हुई मृत्यु का मुआवजा, प्रधानमंत्री फ सल बीमा सुरक्षा योजना क्लेम का भुगतान, धान की बिक्री का भुगतान, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की शिकायत, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन की समस्या के निराकरण के लिए लोगों द्वारा कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी से अर्जी की गई।

# महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मनाया सावन उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के आह्वान पर सभी जिला एवं मंडल स्तर पर सावन तीज महोत्सव मनाया जा रहा है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ मंडल में भी महिला मोर्चा के दीदियों ने सावन उत्सव मनाया। हाथों में लगी मेंहदी, हरी साड़ी, हरी चूड़ियां खूब भा रही थी। सावन उत्सव में सभी ने भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना की। वहीं हरियाली के रंग में रंगे महिलाओं ने अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए एकल एवं सामूहिक नृत्यए गायन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महिलाएं प्रसन्न झूमती नजर आई। मंडल अध्यक्ष राशि बाई ने उपस्थित सभी सुहागिनों को उपहार के तौर पर श्रृंगार सामग्री दी।

# अभिमंत्रित रुद्राक्ष लेने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**श्रावण अधिमास के पवित्र अवसर पर बीते 14 जुलाई से 19 अगस्त तक समलाई मंदिर प्रांगण में धर्म रक्षा और हिंद सेवक समिति के सामूहिक तत्वाधान में सवा महीने तक चलें अखंड नमः शिवाय जाप के पश्चात आज 21 अगस्त सोमवार को कार्यक्रम स्थल में ही सवा पांच करोड़ पंचाक्षरी महामंत्र से अभिमंत्रित हुए शिव स्वरूप रुद्राक्ष बीज का वितरण कार्यक्रम रखा गया है।**



पहले से निर्धारित समयानुसार आज सुबह ठीक 10 बजे अखंड नमः शिवाय का जाप संपन्न कराने वाले मुख्य पंडित महाराज द्वारा सर्वप्रथम सर्वप्रथम अभिमंत्रित रुद्राक्ष का विधिवत पूजन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक विकास केडिया द्वारा वितरण कार्यक्रम का औपचारिक वितरण प्रारंभ किया गया। जिसके बाद साक्षात शिव स्वरूप अभिमंत्रित रुद्राक्ष बीज को प्राप्त करने सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पहुंचे श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित कतार बद्ध तरीके से वितरण करना शुरू किया गया। बता दें कि आज सुबह निर्धारित समय 10 बजे से करीब घण्टे भर पूर्व ही से श्रद्धालुगण पहुंचने लगे थेए एक बार क्रम शुरू होने के कुछ देर बाद श्रद्धालु बड़ी तादाद में पहुंचने लगे, जिन्हें समिति की ओर से वितरण कार्य में लगे स्वयंसेवकों के द्वारा प्रति टोकन के हिसाब से अभिमंत्रित रुद्राक्ष के साथ शिव चालीसा दिया जा रहा है, साथ ही कल संपन्न हुए रुद्र महायज्ञ को पवित्र भस्म प्राप्त करने हेतु भी समिति की ओर से नियमित रूप से माईक के द्वारा श्रद्धालुओं से निवेदन किया जा रहा है ताकि कोई भी शिवभक्त, भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा से वंचित न हो।

***वैसे यहां यह भी बताना लाजिमी होगा कि अभिमंत्रित रुद्राक्ष बीज वितरण कार्य की सतत मॉनिटरिंग के लिए सुबह 9 बजे से ही समिति की ओर से कार्यक्रम संरक्षक दिलीप मोड़क, व्यवस्थापक पंकज कंकरवाल सौरव अग्रवाल, सुरेंद्र पाण्डेय सहित तीन दर्जन से अधिक पदाधिकारीगण विशेष रूप से मौजूद रहें।***



# कोटा विधानसभा सीट के लिए वादिर खान ने की दावेदारी, ब्लॉक अध्यक्ष को दिया आवदेन

जोहार छत्तीसगढ़ -रतनपुर।

**आज वादिर खान ने कोटा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है. कोटा विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी की है कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर वादिर खान ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय कोटा पहुंचकर अपना आवेदन कोटा ब्लॉक के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित को दिया**



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. भाजपा ने 21 विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं वही कांग्रेश प्रत्याशियों के लिए आवेदन मांगने का काम कर रही है विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी का दौर शुरू हो गया है. बता दें कि कांग्रेस नेता वादिर खान जो कि वर्तमान में जिला महामंत्री के पद पर है उसने अपनी दावेदारी पेश की है बता दे कि कोटा क्षेत्र के रतनपुर के मूल निवासी वादिर खान युवाओं के साथ-साथ कोटा क्षेत्र में अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं और लोगों की मनसा के अनुरूप स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देने की मांग जनता हमेशा से उठा रही है क्योंकि स्थानीय विधायक नहीं होने की वजह से लोगों को बहुत परेशानी होती है इसलिए स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अपने बीच के लोकप्रिय युवा नेता वादिर खान के साथ जाकर अपनी दावेदारी पेश की है पत्रकारों से चर्चा करते हुए वादिर खान ने बताया कि वह 30 वर्षों से कांग्रेस के निष्ठावान सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं और पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी है उसका मैने बखूबी निर्वहन किया है और कोटा क्षेत्र वासियों की हमेशा से ही स्थानीय प्रत्याशी की मांग रही है और मैं स्थानीय होने के नाते, मैंने भी अपनी दावेदारी की है पार्टी अगर मुझ पर विश्वास कर भरोसा जताती है तो कांग्रेस पार्टी की जीत निश्चित होगी, अब देखने वाली बात यह होगी की पार्टी इस बार कोटा विधानसभा से किसको प्रत्याशी बनाती है और किस पर भरोसा जताती है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in